शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 126 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 01 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हिंसा के बाद मौसम की मार से बेहाल मणिपुर

**इंफाल**

चक्रवात रेमल की वजह से मणिपुर में तबाही जैसे मंजर हैं। राज्य की इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं तीन लोगों की मौत भी हो गई है। इंफाल नदी के उफान पर होने से कई इलाकों में पानी भर गया है और सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। यहां तक कि अब राजभवन में जलभराव की जानकारी भी सामने आ रही है।

तीन लोगों की मौतः अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि चक्रवात रेमल के बाद पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के बाद मणिपुर के राजभवन में जलभराव की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि इंफाल घाटी में बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं।

**नदी के तटबंध टूटे**

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर इंफाल नदी के तटबंध टूटने से राजभवन परिसर में पानी भर गया। हालांकि, पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी भर गया है उन्हें जल्द ही साफ कर दिया जाएगा।

**बाढ़ में राजभवन डूब रहा**

इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोबम बुपेंडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा कि बाढ़ में राजभवन डूब रहा है। मणिपुर के राज्यपाल को व्यक्तिगत रूप से राजभवन में जल स्तर की जांच करते देखना बुरा है। इंफाल में अभूतपूर्व बाढ़ के कारण इंफाल क्षेत्र का बड़ा हिस्सा पानी में डूब गया है।

## जानलेवा साबित हो रही प्रचंड लू

### यूपी-बिहार में 200 से ज्यादा लोगों की मौत, ओडिशा में एक दिन में 19 ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली**

**देशभर में** बीते कई दिनों से भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। इस बीच नौतपा में बढ़ते तापमान ने सांसों पर संकट खड़ा कर दिया है। लू के कारण देश में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार में प्रचंड गर्मी भीषण लू आपदा बनकर टूटी है। यहां 12 जिलों में 65 लोगों की मौत हुई है, जबकि प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में ढाई सौ से अधिक लोग भर्ती हैं। भोजपुर रोहतास और औरंगाबाद में स्थिति और भी खराब है। पटना समेत पूरा बिहार गर्मी की मार से झुलस रहा है।

**वाराणसी और आसपास के इलाकों में सबसे ज्यादा मौतें**

वहीं, उत्तर प्रदेश में भी भीषण लू और अत्याधिक गर्मी के कारण 160 से अधिक लोगों की जान चली गई। यूपी में सबसे अधिक 72 मौतें वाराणसी और इसके आसपास के इलाकों में हुई है। 47 लोगों की मृत्यु बुंदेलखंड और कानपुर मंडल में हुई है। यहां महोबा में 14 लोगों की जान चली गई, हमीरपुर में 13 लोगों की मौत की खबर सामने आई है, बांदा में पांच ने दम तोड़ा है। इसके अलावा कानपुर में चार, चित्रकूट में दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। वहीं, फरुर्खाबाद, जालौन और हरदोई में तीन लोगों की मौत हुई है।

**प्रयागराज-कौशांबी में भी बरपा**



### उत्तर प्रदेश में गर्मी ने कहर बरसाया

उत्तर प्रदेश में गर्मी ने कहर बरस रहा है। भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन के साथ वन्य जीवन भी प्रभावित हो रहा है। कई जिलों में तापमान 48 डिग्री के पास पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा गर्मी झांसी में पड़ रही है, जहां पारा 49 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने वाला है। उसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

बिहार में भी भीषम गर्मी से लोग परेशान हैं। बिहार के कई जिलों में स्कूल में छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की खबर आई थी।

**लू का कहर**

इसके अलावा, प्रयागराज में 11 लोगों ने लू की चपेट में आकर दम तोड़ दिया, झांसी में 6, अंबेडकरनगर में 4, कौशांबी में नौ, गाजियाबाद में एक नवजात शिशु समेत 4, गोरखपुर और आगरा में तीन, प्रतापगढ़, रामपुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर और पीलीभीत में कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

**तापमान तोड़ रहा पुराने रिकॉर्ड**

लखनऊ में गुरुवार 30 मई को गर्मी ने 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

यहां अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे पहले 31 मई 1995 को अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस साल अब तक राजस्थान का फलोदी सबसे गर्म इलाका रहा। यहां 50 डिग्री सेल्सियस के अधिक तापमान दर्ज किया गया।

## दो दिन बाद मिल सकती है गर्मी से राहतः मौसम

**नई दिल्ली**

देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार सहित देश उत्तर-मध्य के राज्य नौतपा के दिनों में झुलस रहे है। 30 मई तो दिल्ली का पारा 50 डिग्री पार कर गया है। वहीं गर्मी के साथ जल संकट ने आम आदमी की परेशानी और बढ़ा दी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक-दो दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा, इसके बाद कुछ राहत मिलने लगेगी। मौसम विभाग ने आज (शुक्रवार) के लिए नौ राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अनुमान है कि तापमान में मध्यम गिरावट की वजह से अगले 2-3 दिनों के दौरान भीषण गर्मी से कुछ निजात मिल जाएगी। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमोत्तर भारत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए राहत मिलने की भी बात कही है। आईएमडी (इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट) ने एक बयान में कहा कि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ का असर यहां दिखने वाला है। अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बहने वाली दक्षिण-पश्चिमी हवा के कारण कुछ स्थानों पर बारिश या तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 1 जून तक भारत के बड़े हिस्से में शुष्क मौसम की स्थिति के साथ-साथ अत्यधिक गर्म लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। इसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश आदि शामिल हैं।

### कई और राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**मौसम** विभाग ने (शुक्रवार) के लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार और झारखंड समेत कई और राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच राजस्थान में देश में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। कई जगहों पर 50 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में तापमान और नीचे लुढ़कने की संभावना है। भीषण गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिलती दिख रही है। कई इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां एक नए पश्चिमी विक्षोभ की एंट्री होने वाली है।

## हिमाचलः 37 उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर



**शिमला**

**हिमाचल प्रदेश** की सभी चार लोकसभा सीटों पर शनिवार को आखिरी चरण में होने वाले मतदान में 37 उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है। सबसे अधिक 12 उम्मीदवार हमीरपुर और सबसे कम पांच उम्मीदवार शिमला सीट से हैं। कांगड़ा और मंडी लोकसभा सीटों से 10-10 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि सभी सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला तय है। आम आदमी पार्टी और माकपा ने इंडी गठबंधन को समर्थन देने के कारण कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। इस बार मंडी सीट सबसे अधिक चर्चा में हैं। भाजपा ने यहां से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को चुनावी दंगल में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह को प्रत्याशी बनाकर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। दोनों प्रत्याशियों के बयानों से यह सीट सुर्खियों में बनी हुई है। इस संसदीय क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। यूं तो कंगना रनौत मंडी संसदीय क्षेत्र में नया नाम है, लेकिन यहां भाजपा चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी के नाम व सीएम रहे जयराम ठाकुर के चेहरे पर लड़ रही है। यह जयराम ठाकुर का गृह क्षेत्र है और कंगना रनौत को जिताने का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री पर है। मंडी से विक्रमादित्य सिंह की मां प्रतिभा सिंह वर्तमान सांसद है। उन्होंने 2021 के लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के बिग्रेडियर खुशहाल को हराकर सबको चौंका दिया था। हालांकि 2014 और 2019 के आम चुनाव में यह सीट भाजपा के खाते में गई थी। तब भाजपा मोदी लहर पर सवार थी। भाजपा ने इस बार भी मंडी में नरेंद्र मोदी की एक चुनावी रैली को आयोजित कर अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। भाजपा की गढ़ रही हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। यहां से चार बार जीत दर्ज कर चुके भाजपा के अनुराग ठाकुर का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा से है। सतपाल रायजादा के सामने जीत की सबसे बड़ी चुनौती है।

## जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली**

**दिल्ली में पानी की समस्या** को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने याचिका में भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली में पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है।

## अश्लील वीडियो मामले में प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु**

**जद** (एस) के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु कोर्ट ने छह जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेज दिया है। यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना गुरुवार की रात को जर्मनी से बेंगलुरु लौटे थे। इस मामले की जांच कर रही एसआईटी ने उन्हें रात को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए जाने के बाद शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने छह दिनों की पुलिस हिरासत का आदेश दिया है। इससे पहले, महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल-सेक्युलर (जद-



एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना को चिकित्सकीय जांच के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को अस्पताल ले जाया गया। महिला पुलिसकर्मी प्रज्वल को यहां बॉरिंग एंड लेडी कर्जन अस्पताल लेकर आईं। एसआईटी के सूत्रों ने बताया कि सांसद प्रज्वल रेवन्ना (33) के म्यूनिख से बेंगलुरु लौटते ही उन्हें पूछताछ के लिए सीआईडी (अपराध जांच विभाग) के कार्यालय ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी प्रज्वल की पोटेंसी (पुंसत्व) जांच कराने पर भी विचार कर रही है। यह जांच इस बात का पता लगाने के लिए की जाती है कि बलात्कार का आरोपी पीड़िताओं का यौन उत्पीड़न करने में सक्षम है या नहीं। जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एच. डी. देवेगौड़ा के पोते और हासन लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार प्रज्वल (33) पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

## पीएम मोदी ने किसी सवाल का नहीं दिया जवाबः जयराम रमेश

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के आखिरी चरण के मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष के सवालों से भागते रहे हैं और उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले 72 दिनों में भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी से 272 सवाल पूछे थे, लेकिन हमें एक का भी




जवाब नहीं मिला। इसके अलावा हमने 77 दिनों में चुनाव आयोग से 117 शिकायतें कीं। ये शिकायतें आचार संहिता सहित कई अन्य उल्लंघनों के बारे में थीं। इनमें 14 शिकायतें नरेन्द्र मोदी, 8 शिकायतें मुख्यमंत्री योगी और 3 शिकायतें गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गईं। लेकिन कई ऐसी शिकायतें हैं, जिनपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जितने भी सवाल किए गए उन्होंने किसी सवाल का भी जवाब नहीं दिया। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग के समक्ष की गई शिकायतों में अधिकांश कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान ये आरोप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने लगाया। इस मौके पर कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा और सुप्रिया श्रीनेत भी मौजूद रहीं।

## मतदान से पहले बंगाल में हुई हिंसा



### आईएसएफ समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंका, पांच घायल

**कोलकाता**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले बंगाल में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंक दिया। जिसके विस्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके की है। बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। नावेद सिद्दीकी ने उल्टा टीएमसी कार्यकताओं पर आईएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का आरोप लगाया। आईएसएफ विधायक ने कहा कि हमले में खुद टीएमसी के कार्यकर्ता घायल हो गए।

**आईएसएफ ने आरोपों से किया इनकार :** भानगोर विधानसभा, जादवपुर लोकसभा सीट के तहत आती है और यहां अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। घटना गुरुवार रात की है, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। घायलों को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंगाल सरकार के मंत्री अरूप बिस्वास, जादवपुर से टीएमसी उम्मीदवार सयानी घोष और पार्टी के विधायक शौकत मोल्ला ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। आईएसएफ नेता सिद्दीकी ने आरोपों को यह कहकर खारिज कर दिया कि भानगोर में हार के डर से टीएमसी ने साजिश रची है।

## चार राज्यों में बर्ड फ्लू, अलर्ट जारी

### मरीजों-पक्षियों और मुर्गियों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश

**नई दिल्ली**

**अमेरिका और** ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत के चार राज्यों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। इसके चलते केंद्र सरकार के स्वास्थ्य महानिदेशालय और पशुपालन मंत्रालय ने राज्यों से सरकारी और निजी अस्पतालों को अलर्ट पर रखने के लिए कहा है। साथ ही एंटीवायरल दवाएं (ओसेल्टामिविर), पीपीई किट और मास्क का तत्काल भंडारण करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और



पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी ) के इन संयुक्त निर्देशों में राज्यों से कहा है कि घरेलू पक्षियों/मुर्गियों की असामान्य मौत पर निगरानी रखी जाए। इसके अलावा केंद्र ने बूचड़खानों, पॉल्ट्री फार्म के साथ सीवेज और जल निकायों की जांच का आदेश दिया है। देश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर, महाराष्ट्र के नागपुर, केरल के अलप्पुझा, कोट्टायम और पथानामथिट्टा के अलावा झारखंड के रांची जिले के पॉल्ट्री फार्म में संक्रमण की पुष्टि हुई है। राहत यह है कि अभी तक किसी इन्सान के संक्रमित होने की सूचना नहीं मिली है। भारत में बर्ड फ्लू के मामले साल 2006 से सामने आ रहे हैं, लेकिन बीते मार्च माह से कई देशों में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस (बर्ड फ्लू) के मामले मिल रहे हैं, जिसकी वजह से समय रहते तैयारियां करना बहुत जरूरी है।

## डीजीसीए का एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस

### उड़ानों में देरी और यात्रियों की परेशानी पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली**

एयर इंडिया का एक विमान तकनीकी खामियों के कारण सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ान नहीं भर सका। इस वजह से यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अब नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की देखभाल न करने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि सैन फ्रांसिस्को जाने वाले एयर इंडिया के विमान को दिल्ली से गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उड़ान भरनी थी। तकनीकी खामियों के कारण उड़ान में काफी देरी हुई और यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। एयर इंडिया के अधिकारियों ने बताया के इसके बाद उड़ान का समय शुक्रवार दोपहर के लिए पुनर्निधारित किया गया।

## आठ राज्यों की 57 सीटों पर आज वोटिंग, मैदान में पीएम मोदी व उनके 5 मंत्री

**नई दिल्ली**

**लोकसभा चुनाव** 2024 के सातवें और आखिरी रण में कल यानी 1 जून को आठ राज्कयों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। आखिरी चरण में प्रधानमंत्री, पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और चार एक्टर समेत कुल 904 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 1 जून 2024 को आठ राज्कयों की जिन 57 सीटों पर मतदान होना है, उनमें उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल की चार और झारखंड की तीन सीट और चंडीगढ़ शामिल हैं।



**दांव पर दिग्गजों की साख**

आखिरी चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, आरा से केंद्रीय मंत्री आर के सिंह, महाराजगंज से केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, चंदौली से केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मीरजापुर से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और जालंधर से पंजाब के पूर्व मुख्कयमंत्री चरण सिंह चन्कनी चुनावी मैदान में हैं। चार एक्टर मंडी से कंगना रनौत, गोरखुपर से रवि किशन व काजल निषाद और काराकाट लोकसभा सीट से पवन सिंह अपनी किस्कमत आजमाने चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनके अलावा, डायमंड हार्बर से मुख्कयमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पटना की पाटिलपुत्र सीट से राजग सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती, गाजीपुर से अफजाल अंसारी और मंडी से विक्रमादित्य सिंह से अपना भाग्कय आजमा रहे हैं। बता दें कि ममता बनर्जी और लालू यादव बेशक चुनावी मैदान में नहीं हैं, लेकिन दोनों की साख दांव पर है।

**आठ राज्यों की इन 57 सीटों पर मतदान**

**उत्तर प्रदेशः** वाराणसी, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, वंशगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज।

**पंजाबः** गुरदासपुर, अमृतसर, आनंदपुर साहिब, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फिरोजपुर, होशियारपुर, जालंधर, खडूर साहिब, लुधियाना, पटियाला और संगरूर।

**बिहारः** पटना साहिब, नालंदा, पाटिलपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, कराकाट और जहांनाबाद।

**ओडिशाः** जाजपुर, मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर।

**हिमाचल प्रदेशः** मंडी, शिमला, कांगड़ा और हमीरपुर।

**झारखंडः** राजमहल, दुमका और गोड्डा।

पश्चिम बंगालः कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर, दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर और जादवपुर।

चंडीगढ़

# मां का दाह संस्कार कर घर आए किसान की भी मौत

**गर्मी के कारण मौत होने की जताई जा रही आशंका**

**अखंड भारत संदेश**


**उतरांव।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली बाजार में मां का दाह संस्कार कर घर आये बेटे की भी गर्मी से मौत हो गई। एक ही दिन मां और बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा है। घर की मुखिया की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। तहसील के सिठौली बाजार निवासी नन्हेंलाल बिंद खेती किसानी के अलावा मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। सुबह को उनकी 85 वर्षीय माता बिलासी देवी की मौत हो गई थी। नन्हेंलाल बिंद के द्वारा मां के शव को लेकर गांव वालों के साथ लीलापुर घाट पर ले गए। वहाँ तेज दुपहरी में माँ की शव को गंगा के किनारे गड्ढे खोदकर दफन किया गया। तेज गर्मी और दुपहरी में कड़ी मेहनत से बताया जाता है कि उनकी भयंकर गर्मी की वजह से नन्हेंलाल बिंद की तबीयत बिगड़ गई थी।गुरुवार देर शाम को वह जैसे ही घर पहुंचे थे कि थोड़ी ही देर में उनकी भी भयंकर गर्मी की वजह से जान निकल गई। नन्हेंलाल बिंद घर की मुखिया थे। उनकी मौत से घर में कोहराम मच गया। बीवी बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। रात में ही परिजनों के द्वारा उनका भी शव लीलापुर घाट पर ले जाकर दफन कर दिया गया। नन्हेंलाल की तीन बेटे और एक बेटी है। घर में एक ही दिन दो लोगों की मौत ने घर वालों को झकझोर कर रख दिया है। घर की मुखिया की मौत से घर में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।



## हाई स्टोक से लिपिक की मौत, शोक व्यक्त

**अखण्ड भारत संदेश।**


**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र मांडा अन्तर्गत महावीर कैलाश महाविद्यालय को कोसड़ा कला मांडा में विगत वर्षों से लिपिक पद पर कार्यरत की अचानक तबियत खराब होने से मौत हो गई। सूचना पर महाविद्यालय के शिक्षक परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मांडा खास निवासी प्रेम शंकर यादव उर्फ वकील उम्र 46 की शुक्रवार दोपहर बाद हाई स्टोक को चपेट मे आने से परिजनों ने आनन फानन में मांडा सीएचसी ले जाया गया जहां कि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महावीर कैलाश महाविद्यालय कोसड़ा कला मांडा में लिपिक पद पर विगत वर्षों से कार्यरत थे। सूचना पर शिक्षक परिवार के साथ परिजनों मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। अन्तिम संस्कार महेवा गंगा घाट पर किया गया। और उपस्थित लोगों ने शोक व्यक्त किया।



## हाई स्टोक की चपेट मे आने से अधेड़ की हुई मौत

**अखण्ड भारत संदेश।**

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत ग्राम गिरधरपुर निवासी बिहारी लाल प्रजापति उम्र (62) पुत्र स्व सीता राम प्रजापति गुरुवार को दोपहर बाद किसी काम के लिए घर से बाहर निकलने पर जैसे ही सिकरा, मांडा के पास पहुंचे जहां कि उनका तबियत बिगड़ी और वही गिर गए। आस पास के लोग उनकी हालत गंभीर देख चिलचिलाती धूप में आनन फानन में सीएचसी मांडा ले गए। और जानकारी परिजनों को मिलने पर तत्काल मांडा अस्पताल पहुंचे जहां कि डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर शहर के लिए रिफर कर दिया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए शहर ले जाते वक्त रास्ते में ही प्राण पखेड़ू उड़ गया। उक्त घटना की जानकारी पर मृतक के घर में कोहराम मच गया। वहीं मृतक बिहारी लाल प्रजापति की पत्नि प्रभावती देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के इकलौता बेटा राकेश कुमार प्रजापति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करके जीवन यापन करता था कि पिता की अचानक मौत की सूचना पर घर के लिए रवाना हो गया और शुक्रवार को घर पहुंचा पिता का शव देख फफक फफक कर रो पड़ा। पिता का दाह संस्कार महेवा गंगा घाट पर मुखाग्नि दी। उपस्थित लोगों ने शोक व्यक्त किया।



## जिला अधिवक्ता संघ ने सांकेतिक शवयात्रा निकाली, फर्जी फंसाने का लगाया आरोप



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कचहरी में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के मामले में अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। आरोप लगाया कि मारपीट करने वाले अधिवक्ताओं की सूची में फर्जी तरीके से रितेश श्रीवास्तव और संजीव का नाम भी डाल दिया गया। इसके कारण हाईकोर्ट ने उनकी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के साथ ही कचहरी में प्रवेश पर भी रोक लगा दिया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पर फर्जी तरीके से सूची तैयार करने का आरोप लगाया है। जबकि घटना वाले दिन हम लोग कचहरी में मौजूद भी नहीं थे।अध्यक्ष पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नाम डलवाने का आरोप लगाया। इसको लेकर आरोपी अधिवक्ताओं ने अपने साथियों के साथ हाईकोर्ट अंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष की सांकेतिक शव यात्रा निकाली और उसका पुतला दहन किया। अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

## सेवानिवृत्त एल आई प्रभारी अरविंद राय को सम्मानित कर दी बधाई



**मांडा।** एल.आई प्रभारी अरविंद राय के बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टर कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने सेवानिवृत्त एल.आई प्रभारी अरविंद राय को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति हर पुलिस का ये दायित्व है कि नागरिकों के सुरक्षा मुहैया कराना उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए एक दिन सभी को तय तिथि अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है।

## सड़क किनारे बेहोश मिला हाथरस का युवक

### मुंह से निकल रहा था झाग, अस्पताल में भर्ती, वकील से मिलने आया था प्रयागराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के अटाला इलाके में शुक्रवार दोपहर हाथरस के रहने वाले आशीष सिंह को संदिग्ध हालत में सड़क किनारे बेहोश पाया गया। अटाला में माली पार्क के पास आशीष को सड़क किनारे पड़ा देख लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो 112 की टीम ने पहुंच उसे कॉल्विन अस्पताल में र्भी कराया। आशीष सिंह के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई।आशीष सिंह हाथरस के रहने वाले देवेंद्र सिंह का बेटा है। उसकी उम्र 28 साल के करीब है। खुल्दाबाद पुलिस ने आशीष के घरवालों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी है। परिवार के लोग प्रयागराज आ रहे हैं। घरवालों ने बताया कि आशीष किसी वकील से मिलने के बाद प्रयागराज गए हुए थे। वह अटाला इलाके में कैसे पहुंचे, इस बारे में कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। आशीष के मुंह से लोगों ने झाग निकलते भी देखा था। कंधे के पास चोट के निशान भी मिले हैं। आशीष अभी होश में नहीं आ सका है। पुलिस जांच कर रही है।



## पत्रकारों को उनके दायित्व एवं कर्तव्य बोध का ज्ञान होना आवश्यक : गजेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गुरुवार शाम प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में अवंतिका कालोनी नैनी स्थित मीडिया हाउस में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं पर विचार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल मुख्य अतिथि तथा सुनील श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बद्री प्रसाद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों को समाचार संकलन में किसी का पक्षकार न बनकर सच्चाई का साथ देना चाहिए। बद्री प्रसाद मिश्र ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं। ऐसे में पत्रकारों को उचित सम्मान मिलना चाहिए क्योंकि पत्रकार समाज के एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं। आधुनिक समाचार पत्र के संपादक पुनीत अरोड़ा ने पत्रकारों से देशहित में कार्य करने का आवाहन किया। मुख्य अतिथि जगदम्बा शुक्ल ने हिंदी पत्रकारिता के जनक, हिंदी के पहले अखबार उदन्त मार्तण्ड के संपादक जुगलकिशोर शुक्ल के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों से सच्चाई, ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार संगठनों को भी पत्रकार हित में कार्य करना चाहिए। अपने उद्बोधन में गजेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता करना चुनौती भरा कार्य है। पत्रकारों को उनके दायित्व एवं कर्तव्य बोध का ज्ञान होना आवश्यक है। पत्रकार समाज का वह आईना होता है जो लोगों की अच्छाइयों व बुराइयों को समाज के सामने लाता है। उन्होंने प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यों पर भी प्रकाश डाला। बैठक में क्षेत्रीय पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए।




## तीन बच्चों की मां बच्चों को छोड कर फरार, पति तलाश में गया झारखंड

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव की तीन बच्चों की मां अपने बच्चों को छोड कर दूसरे के साथ फरार हो गई। जिस की तलाश में पति झारखंड गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला जो तीन बच्चों की मां है पति के काम पर चले जाने पर गुप चुप ढंग से अपने प्रेमी के संग फरार हो गई।पति को पता लगने पर वह पत्नी की तलाश में उसके मयके झारखंड गया है।बताते हैं कि युवक की शादी न होने पर वह झारखंड में महतों की सहायता से सात वर्ष पूर्व शादी किया था। जिससे तीन बच्चे हैं। बताया गया है कि उक्त फरार महिला पति के गैर मौजूदगी में मोबाइल पर किसी अन्य पुरुष से बातें करती थी। फिलहाल तीन बच्चों की फरार मां का अभी तक कुछ पता नहीं चला है न ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।पति अपने पत्नी की तलाश में दर दर भटक रहा है।

## पिस्टल से लैस बदमाशों से बीच सड़क भिड़ गईं आईएएस की मां, मूकदर्शक बने रहे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जगत तारन डिग्री कालेज के पास गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे आइएएस की मां सुमन सिंह की जंजीर खींचने के लिए बदमाशों ने झपट्टा मारा। वह बदमाशों से भिड़ गईं। एक का कालर पकड़ लिया। इस पर दूसरे ने उनको पिस्टल सटाते हुए गोली मारने की धमकी दी। उस समय वहां भीड़ भी जुट गई, लेकिन बदमाशों के पास पिस्टल देख लोग मदद की हिम्मत नहीं जुटा सके। किसी प्रकार बदमाशों ने खुद को छुड़ाया और बिना जंजीर लूटे बाइक पर सवार होकर भाग निकले। जार्जटाउन पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी है। जार्जटाउन के मालवीय रोड स्थित विवेकानंद स्कूल के बगल में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह बिजली विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता हैं। उनके बड़े बेटे अनिमेष सिंह दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में डायरेक्टर हैं। जबकि छोटे बेटे अभिषेक सिंह स्टेट बैंक वाराणसी में ब्रांच मैनेजर हैं। गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे सुमन सिंह मार्निंग वाक को निकलीं। अभी वह जगत तारन डिग्री कालेज के पास पहुंची थीं कि सफेद रंग की बाइक से दो बदमाश पहुंचे। एक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की जंजीर छीनने की कोशिश की, जिस पर उन्होंने उसे पकड़ लिया। शोर मचाने लगीं। आवाज सुनकर उधर से गुजर रहे लोग रुक गए। साथी को छुड़ाने के लिए दूसरा बदमाश भी आ गया। उसने सुमन सिंह को पिस्टल सटा दिया, लेकिन वह घबराई नहीं, बल्कि बदमाश को पकड़े रहीं। इस दौरान एक-दो तमाचा भी बदमाश को जड़ दिया। वह लगातार लोगों से मदद मांगती रहीं, लेकिन बदमाशों के हाथ में पिस्टल देख कोई उनकी सहायता को आगे नहीं बढ़ा। किसी प्रकार बदमाश उनके चंगुल से छूटे और बाइक पर सवार होकर भाग निकले। इसके बाद लोग उनके पास पहुंचे। कुछ ही देर में जार्जटाउन पुलिस भी पहुंची। सुमन सिंह ने तहरीर दी। थाना प्रभारी जार्ज टाउन राजीव श्रीवास्तव के मुताबिक बदमाशों का पता लगाया जा रहा है, जल्द ही गिरफ्तारी होगी। संगम की तरफ से बिना नंबर की बाइक से आए थे पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा तो इसमें सफेद रंग की बाइक पर दो बदमाश नजर आए। बाइक पर नंबर भी नहीं था। एक ने हेलमेट लगा रखा था, जबकि दूसरे का चेहरा खुला था। पुलिस ने अन्य कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि बदमाश संगम से काली सड़क होते हुए सोहबतियाबाग, गीता निकेतन से जगत तारन की तरफ आए थे। हालांकि, घटनास्थल से वह केपी इंटर कालेज की तरफ जाने वाले मार्ग पर भागे थे, लेकिन आगे कहां गए, यह अभी तक पता नहीं चला है।

## सरकारी अफसर बेपरवाह, आखिरकार कौन होगा मौत का जिम्मेदार

**करछना।** प्रयागराज जनपद के जमुनापार में जहा तापमान आग का गोला उगल रहा है तथा जनमानस का जीवन खतरे में है तमाम लोग मौत का शिकार हो चुके परन्तु बिजली और जल विभाग के कहर से विधानसभा क्षेत्र करछना के अरैल मुरादपुर मजरे में पानी एवं बिजली के संकट से जनमानस काफी त्रस्त है। स्थानीय ग्रामीणों ने जलनिगम के अधिशासी अभियंता दूरभाष पर बात करने की कोशिश की परन्तु उक्त अधिकारी ने फिर संवेदनशील समस्या पर बात करना तो दूर फोन तक नहीं उठाया। स्थानीय ग्रामीण मुजाहिद, जगदीश यादव, प्रियराज यादव, रजिया बेगम ,पाले खान, बाबू जी , नसीमा बेगम, राकेश मौर्या का आरोप है की इसी प्रकार बिजली विभाग के अवर अभियंता से भी बात करने का प्रयास परन्तु उत्तर नहीं मिला। तापमान के कहर से जूझ रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उक्त विभागों के अधिकारी एसी में बैठे मौज ले रहे है तथा उन्हें जनता के दुःख दर्द से कोई सरोकार नहीं रह गया है। समाजवादी पार्टी विधानसभा के अध्यक्ष ननकेस बाबू ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता तथा जलनिगम के मुख्य अभियंता को आगाह किया है की यदि पानी एवं बिजली जैसी संवेदनशील समस्याओ पर विचार नहीं किया तथा तत्काल समस्या का निदान किया गया तो समाजवादी पार्टी करछना सम्बंधित कार्यालयों का घेराव करने हेतु सड़को पर उतरेगी जिसकी जिम्मेदारी सम्बंधित विभाग की होगी।

## अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पे सुदामा गरीब आ गया है

**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन दिवस पर कथा व्यास राघवेंद्राचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन ने मुख्य यजमान प्यारे लाल यादव, सुगना देवी के निवास बजती, नेदुला में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह हम भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा जी से समझ सकते हैं। महाराज ने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने मित्र बाल सखा सुदामा से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचें सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए और सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की महाराज ने परीक्षित मोक्ष कथा सुनाकर कथा संपन्न किया।इस अवसर पर कथा आयोजक राम हित यादव, लल्लू नेता, हरिश्चंद्र यादव, शरद यादव, मनीष शास्त्री, प्रधान पतैया दीपक सिंह यादव, प्रकाश चंद्र यादव कोटेदार बजती, संजय यादव एडवोकेट, इंद्रदेव यादव, कलपेश यादव, देवीलाल यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




## तंबाकू व धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए है बहुत ही हानिकारक : डॉ. राजीव

**सहसों।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सहसों बाईपास स्थित युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार को युवा जागो नशा त्यागो जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिससे जीवन में तंबाकू, रेडीमेड गुटखा, सिगरेट आदि धूम्रपान का सेवन न करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर राजीव शाहा ने कहा कि तंबाकू एवं धूम्रपान के सेवन से व्यक्ति के स्वस्थ शरीर पर कई प्रकार की गंभीर बीमारियां होने का खतरा बहुत ही रहता है। उन्होंने कहा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां अधिक मात्रा में तंबाकू, गुटखा, सिगरेट आदि धूम्रपान के सेवन से बढ़ रही है। हम सबको इसके लिए गंभीरता के साथ सचेत होकर जीवन में नशा न करने का संकल्प लेना होगा। संगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि आजकल युवाओं में रेडी मेड गुटखा का सेवन, सिगरेट व अन्य धूम्रपान का प्रयोग जीवन में फैशन बनता जा रहा है। जोकि भविष्य के लिए और उनके वर्तमान सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक होता जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा हमारी संस्था नशा त्याग के प्रति लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से अपील करती है कि आप सब जीवन में तंबाकू व इससे बने उत्पादों का सेवन न करें, स्वस्थ जीवन जिएं और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। इस अवसर पर डॉ पीके पाल, फार्मासिस्ट विपिन केसरवानी, एडवोकेट अभिषेक केशरवानी, एडवोकेट अभिषेक कुमार सिंह, फार्मासिस्ट राजेश यादव, दीपांशु गुप्ता एवं अंकित मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्याकांड में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही पूरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामले में ट्रॉयल कोर्ट में अभियोजन पक्ष के गवाह और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही शुक्रवार को पूरी हो गई। पांच जुलाई से आरोपी आनंद गिरि के वकील रविंद्र पुरी से जिरह करेंगे। नरेंद्र गिरि मामले की सुनवाई जिला अपर एव सत्र न्यायधीश अंजू कनौजिया की अदालत में चल रही है। रविंद्र पुरी ने आनंद गिरि और नरेंद्र गिरि के बीच फोन पर हुई आडियो की पहचान अदालत में की थी।अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरि 20 सितंबर 2021 को बांघबरी मठ के अतिथि कक्ष में फंदे से लटके मिले थे। सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उनके शिष्य रहे आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और सुशील तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। आनंद गिरि चित्रकूट जेल में बंद है।

**अमर गिरि के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया गैर जमानती वारंट :**

इलाहाबाद जिला न्यायालय ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और श्री मठ बाघंबरी गद्दी के महंत नरेंद्र गिरि की रहस्यम मौत मामले के वादी मुकदमा और गवाह अमर गिरि के खिलाफ फिर से गैर जमानती वारंट जारी किया है।यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश आरपीएस राणा की अदालत ने जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि की ओर से दाखिल अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। इससे पहले 11 दिसंबर 2023 को गैर जमानती वारंट होने पर गवाही से गायब चल रहे अमर गिरि को सीबीआई की हिरासत में पेश किया गया था।अंडरटेकिंग भी दी थी कि वह गवाही के लिए नियत हर तारीख पर कोर्ट में हाजिर रहेगा। लेकिन, उस दिन के बाद से फिर से अमर गिरि नियत तारीखों पर गैर हाजिर है। अमर गिरि की ओर से दाखिल अंडरटेकिंग के आधार पर कोर्ट ने पहले जारी हुए गैर जमानती वारंट को वापस ले लिया था,जिसके बाद गवाही शुरू हुई थी। पूरा बयान दर्ज करने के लिए दो जनवरी की तारीख तय थी, लेकिन मंगलवार को फिर से वह गैर हाजिर रहा।

**अमर गिरि ही हैं वादी मुकदमा**

गौरतलब है कि 20 सितंबर 2021 को श्री मठ बाघंबरी गद्दी के अतिथि कक्ष में महंत नरेंद्र गिरि का शव फंदे से कसने के बाद फर्श पर पाया गया था। इसकी एफआईआर जॉर्ज टाउन थाने में अमर गिरि ने दर्ज कराई थी। नरेंद्र गिरि के शिष्य आनंद गिरि समेत बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी इस मामले में आरोपी हैं। 22 सितंबर 2021 से आनंद गिरि चित्रकूट और दो अन्य आरोपी आद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। आनंद गिरि समेत तीनों आरोपियों को अब तक जमानत नहीं मिली है।


## भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी, सपा नेता पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी ने फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। नीरज त्रिपाठी की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शान यदुवंशी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नीरज त्रिपाठी का आरोप है कि सपा नेता शान ने फेसबुक पर उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की और आपत्ति करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने फोन करके अपशब्दों का प्रयोग किया। जान का खतरा जताते हुए नीरज ने थाने में तहरीर दी।अपनी तहरीर में नीरज त्रिपाठी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शान यदुवंशी ने उनकी पत्नी और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। फोन पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने शान यदुवंशी के खिलाफ 504, 506, 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भंडरा उमरगंज मोहल्ले में खिड़की काटकर अंदर घुसे उचक्कों ने नगदी जेवर पार कर दिया

**अखंड भारत संदेश**





**नैनी।** नैनी अंतर्गत भंडरा उमरगंज मोहल्ले के एक घर की खिड़की काटकर अंदर घुसे उचक्कों ने घर की चाबी पगए अलमारी बक्सा खोलकर नगदी जेवर पार कर दिया। घटना की जानकारी होने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भंडरा उमरगंज निवासी यज्ञ नारायण साहू पुत्र स्व रामदास साहू का परिवार गुरुवार रात घर में सोया हुआ था। उसी दौरान घर की खिड़की काटकर उचक्के अंदर घुस गए और घर के ऊपरी मंजिल पर उनके बेटे सचिन की पत्नी लाडो के जेवर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन की। भुक्तभोगी के अनुसार आलमारी व बक्सा खोलकर उसमें रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने की दो अगूठी, चाँदी के बडे दो पायल, बिछिया व 35 हजार रुपए नगद चोरी हुए हैं।

# खड़ी सफारी गाड़ी में लगी आग गाड़ी जल गई



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के महेवा पूरब पट्टी में शुक्रवार की दोपहर खड़ी सफारी गाड़ी में अचानक आग लग गई। जिससे कि गाड़ी जल गई। मिली जानकारी के अनुसार अफसर अली पुत्र हाजी मुनव्वर अली निवासी मडोका मुहब्बत गंज थाना नैनी ने अपनी सफारी गाड़ी को मरम्मत करवाने के लिये एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के सामने एग्रीकल्चर से पहले महेवा पूरब पट्टी में खड़ा किया था। अचानक शुक्रवार की दोपहर में गाड़ी के ऊपर से जा रही पोल के तार में शार्ट सर्किट से आग लग गई उसके बाद वही तार गाड़ी पर गिर गई जिससे कि गाड़ी में आग लग गई। आग लगने से देखते ही देखते गाड़ी जलने लगी फायरब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाए।

# आरपीएफ कर्मी ने बचाई एक पुरुष और महिला यात्री की जान

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** आरपीएफ कर्मी ने अपनी सजगता से प्रयागराज जंक्शन पर शुक्रवार को एक पुरुष और एक महिला यात्री की जान बचा ली। आरपीएफ कर्मी की इस बहादुरी पर रेलवे अफसरों ने उसे शाबासी दी है। उसे आगे सम्मानित भी किया जाएगा।बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर प्लेटफार्म नंबर छह पर आरपीएफ कांस्टेबल मान सिंह अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 14117 कालिंदी एक्सप्रेस 3.50 बजे रवाना हुई। ट्रेन अभी चली ही थी कि उसे पकड़ने के लिए एक पुरुष और एक महिला यात्री प्लेटफार्म पर दौड़ने लगे। चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में दोनों यात्री ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में आ गए। ट्रेन के साथ ही वह घसीटने भी लगे। वहां कांस्टेबल मान सिंह ने पहले पुरुष यात्री को प्लेटफार्म की ओर खींचा। इस दौरान वह भी थोड़ा असंतुलित हुए, तब तक प्लेटफार्म पर मौजूद अन्य यात्री भी महिला यात्री को बचाने के लिए पहुंचे। महिला यात्री को भी अन्य यात्रियों की मदद से आरपीएफ कर्मी ने प्लेटफार्म की ओर खींचा। इस दौरान किसी यात्री ने वहां चेन पुलिंग कर दी। राहत की बात यह रही कि दोनों यात्रियों को चोट नहीं लगी। आरपीएफ प्रयागराज जंक्शन प्रभारी एसके सिंह ने बताया कि महिला यात्री का नाम बबली सिंह है, वह प्रयागराज से कन्नौज जा रही थी। बाद में दोनों यात्रियों ने अपना सफर जारी रखने का निर्णय लिया और कालिंदी से ही रवाना हो गए।

# सरेआम फायरिंग करने वाला किया गया अरेस्ट

## वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, दो कारतूस बरामद

**प्रयागराज।** जार्जटाउन के हाशिमपुर रोड इलाके में सड़क पर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। झगड़े के बाद सड़क पर तमंचे से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त की और उसे दबोच लिया।जार्जटाउन पुलिस ने राज उर्फ छोटू उर्फ रोमियो निवासी संजय नगर अल्लापुर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो कारतूस बरामद हुए। नामजद आरोपी रितिक भारतीया, रजत, अजय, भोला, राहुल की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बुधवार रात फोटो खींचने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। थाना प्रभारी जार्जटाउन राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि अभिषेक भारती नामक युवक फोटो खींच रहा था। राज ने मना किया तो विवाद हो गया। इसके बाद मारपीट हुई। किसी ने पूरा वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद जांच शुरू हुई तो आरोपी छोटू की सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो से पहचान हुई। फुटेज में वह सबसे पहले मारपीट करते हुए दिखा है। पकड़े गए आरोपी पर कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। मामले में 7 सीएलए की धारा बढ़ाकर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# अग्नि सुरक्षा और इलैक्ट्रिक सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित की गई

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी एवम मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्राधिकरण प्रयागराज विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रयाग इन होटल में अग्नि सुरक्षा और इलैक्ट्रिक सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसने नगर मजिस्ट्रेट,सहायक उपनिदेशक विधुत सुरक्षा, सिविल डिफेन्स चीफ बार्डेन अनिल कुमार गुप्ता, डिविजनल ऑफिसर सिविल डिफेंस रौनक गुप्ता, डॉ0आर के पांडेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज, राजेश कुमार एफ एस ओ, सिविल लाइन द्वारा अग्नि सुरक्षा के बारे में निर्देश दिए गए डॉ0आर के पांडेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अस्पताल, होटल, माल, मल्टीप्लेक्स, बहुमंजिली आवासीय भवन में आग से बचाव के बारे में सावधानी, उपकरणों की कार्यशीलता और निकास मार्ग अवरोध मुक्त रखने हेतु निर्देशित किया गया और सस्थांन में फायर आपरेटर रखने हेतु निर्देशित किया गया सहायक उपनिदेशक विधुत सुरक्षा डी डी शर्मा द्वारा सस्थांन होटल हॉस्पिटल में इलैक्ट्रिक सेफ्टी आडिट करने हेतु बताया गया कार्यशाला में चिकित्सक, हॉस्पिटल संचालक, होटल संचालक, गेस्ट हाउस संचालक, माल मल्टीप्लेक्स संचालक, प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबंधक फरहान आलम व मीडिया इंचार्ज गुफरान खान एवम अन्य पदाधिकारी, शाहगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल, महिला व्यापार मण्डल पदाधिकारी और शहर के सम्मानित पत्रकार बंधु और नागरिको द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया।

## साइकिल सवार युवक की संदिग्ध दशा में गई जान, हीट वेव से मौत की आशंका

**प्रयागराज।** साइकिल सवार एक अधेड़ सड़क किनारे मृत हालत में देखा गया तो हड़कंप मच गया। लोग गर्मी से मौत की आशंका जाता रहे हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के पूरेफौजशाह गांव के रहने वाले परमानंद विश्वकर्मा (52) रामकुमार बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे साइकिल से घर से कहीं जाने के लिए निकले थे। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू हुई, लेकिन रात में उनका कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह फेसबुक पर अज्ञात व्यक्ति की मौत की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया।रोते बिलखते परिजन फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी के पास प्रयागराज- जौनपुर राजमार्ग के किनारे एक दुकान के बरामदे में परमानंद मृत हालत में पड़े हुए थे। उनकी साइकिल भी बगल में थी। घटना के बाद वहां मौजूद लोग यह चर्चा करते देखे गए कि गर्मी की वजह से उनकी जान गई है। उधर इफको चौकी इंचार्ज चंदन सरोज का कहना है कि सुबह अज्ञात हालात में मृतक की जानकारी होते ही वह मौके पर पहुंचे और पहचान कराने की कोशिश में जुट गए। फिलहाल मामला क्या है। उनकी मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ पता चल सकेगा।

# यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सीएसई कार्यक्रम को एनबीए की मान्यता

**अखंड भारत संदेश**




**नैनी।** नैनी यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) शाखा को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन (एनबीए) द्वारा मान्यता मिली है। एनबीए भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता के लिए जिम्मेदार देश के दो प्रमुख निकायों में से एक है। एनबीए इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फामेर्सी जैसे कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान करती है। यूआईटी के एनबीए समन्वयक स्वरूप मलिक ने बताया कि एनबीए की एक विशेषज्ञ टीम ने सीएसई कार्यक्रम और उससे संबंधित अन्य सुविधाओं का आकलन करने के लिए 19 से 21 अप्रैल, 2024 तक यूआईटी का तीन दिवसीय दौरा किया। उन्होने बताया कि मूल्यांकन सख्त मानदंडों पर किया गया था। कहा कि इसके बाद टीम ने आगे की प्रक्रिया के लिए उच्च स्तरीय समिती को अपनी रिपोर्ट सौंपी। मलिक ने कहा कि रिपोर्ट से संतुष्ट होने के बाद एनबीए ने गुरुवार को सीएसई कार्यक्रम को मान्यता प्रदान की। बताया कि कि इस संबंध में एनबीए की तरफ से एक आधिकारिक पत्र भी यूआईटी अधिकारियों को प्राप्त हुआ है। प्रिंसिपल, यूआईटी प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस उपलब्धि से न केवल संस्थान पर विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नियोक्ताओं को भी कैम्पस प्लेसमेंट के लिए आकर्षित करेगी। यूजीआई के चेयरमैन गिरधर गोपाल गुलाटी, प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी सहित प्राचार्यों, डीन और संकाय सदस्यों ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए यूआईटी टीम को हार्दिक बधाई दी है।

# भ्रष्टाचार मामले में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति समेत छह प्रोफेसरों से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भर्ती प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के मामले में कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय और वित्त अधिकारी समेत छह प्रोफेसरों के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति शैलेंद्र क्षितिज की खंडपीठ ने रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर रेखा लगराखा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है ।याची ने कुलपति और वित्त अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि कुलपति ने रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और कुछ प्रोफेसरों के साथ मिलकर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कोष से 40 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। वर्ष 2023 में हुए बीएड परीक्षा से धन एकत्र कर कुलपति और एक प्रोफेसर के निजी संयुक्त खाते में अवैध रूप से स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके अलावा विश्वविद्यालय के आसपास विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया का पालन किए बगैर निविदाएं दी गई हैं। इससे करीब 150 करोड़ रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है ।याची के अधिवक्ता रोहन पांडेय ने दलील दी कि वित्तीय अनियमितताओं के अलावा विश्वविद्यालय में हो रही भर्तियों और पदोन्नति की प्रक्रिया में भी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। याची भी 21 वर्षो से सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। लेकिन उसे अबतक पदोन्नति नही दी गई। इन सभी अनियमितताओं की शिकायत राज्यपाल से की गई जिस पर जांच हुई लेकिन समिति ने जांच के नाम पर खानापूरी की।इसके पहले मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लगाए गए अरोपों की गंभीरता और याची की सद्भावना को सिद्ध करने के लिए याची को 50 हजार रुपये जमा करने का आदेश दिया था। जिसके अनुपालन में याची के रकम जमा कर दी। इसके बाद अदालत ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, वित्त अधिकारी समेत छह प्रोफेसर्स को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

# मीरापुर के बरगद घाट से तैरना शुरू किया और नैनी तक तैरकर समाप्त किया

## 6वीं क्लास में पढ़ने वाली शान्वी सोनकर नें कर दिया कमाल, 17 मिनट में यमुना नदी को तैरकर किया पार

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** के मुंडेरा की रहने वाली महज 12 साल की बेटी शान्वी सोनकर नें यमुना नदी को मात्र 17 मिनट में तैरकर पार कर लिया। शान्वी गर्ल्स हाई स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा है। स्कूल में गर्मी की छुट्टिया होने पर शान्वी नें तैराकी सीखने के लिए नवजीवन स्विमिंग क्लब में प्रवेश लिया। जहां महज एक हफ्ते की ट्रेनिंग के बाद ही बच्चे नें यमुना नदी को तैरकर पार कर लिया। शान्वी नें मीरापुर के बरगद घाट से तैरना शुरू किया और नैनी की ओर सिंधु सागर घाट ककरा घाट तक तैरकर समाप्त किया। साथ लगी नाव से पिता संजय सोनकर एवं माँ सुनीता सोनकर के साथ पंकज सिंह, निवेदिता सिंह, आलोक वर्मा, संदीप गुप्ता, पर्मेन्द्र विश्वकर्मा चल रहे थे। बीच बीच में दर्शको ने ताली बजाकर शान्वी का उत्साहवर्धन किया। यमुना नदी की लम्बाई लगभग 600 मीटर व गहराई लगभग 25 फीट है। प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद नें बताया कि वो हर साल कमला निषाद एवं लिम्का बुक आफ रिकार्ड होल्डर मानस निषाद के सहयोग से सैकड़ो बच्चो को नवजीवन स्विमिंग क्लब के माध्यम से मीरापुर के बरगद घाट पर तैराकी का प्रशिक्षण देते है। इस वर्ष से क्लब के माध्यम से खेलो इंडिया को बढ़ावा देने के लिए बच्चो को क्याकिंग का प्रशिक्षण देना भी शुरू किया है। जिससे आने वाले समय में देश के लिए प्रयागराज से भी विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार हो सके।

# करंट की चपेट में आने से झुलसे विद्युत कर्मी की इलाज को ले जाते समय हुई मौत

## पुलिस ने शव का पंचनामा कर भेजा पोस्टमार्टम को

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हाई वोल्टेज लाइन ठीक करने गया विद्युत कर्मी करंट के चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। प्रयागराज से लखनऊ इलाज को ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले आए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव सदहा पावर हाउस पर कार्यरत था। गुरुवार को 11000 वोल्टेज में फाल्ट ठीक करने आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के डाही गांव गया था। जहां वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया था।



लाइन मैन की मौत पर रोते-बिखलते परिजन।

परिजन उसे इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज और प्रयागराज से लखनऊ ले जा रहे थे। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई शुक्रवार को परिजन शव लेकर घर लौट आए। सूचना पर पहुंची आसपुर देवसरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया । राकेश श्रीवास्तव तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई कमलेश ऋषिकेश में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। उनसे छोटे बृजेश श्रीवास्तव गांव में ही एक विद्यालय चलते है। तीनों भाइयों का संयुक्त परिवार है। राकेश की पत्नी नीलम श्रीवास्तव पति के शव को देखकर बेहोश हो गई। राकेश के दो बेटियां गौरी श्रीवास्तव 15 वर्ष गुनगुन श्रीवास्तव 11 वर्ष जबकि एक बेटा आर्यन श्रीवास्तव 8 वर्ष है। पिता के शव को देखकर तीनों बच्चे बिलख पड़े। मां सुशीला देवी बेटे के शव से लिपट कर रोना शुरू किया तो वहां उपस्थित लोगों की आंखें नम हो उठी।

## बड़े भाई ने जानबूझकर सप्लाई चालू करने का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मृतक राकेश श्रीवास्तव के बड़े भाई बृजेश श्रीवास्तव का आरोप है कि शटडाउन लेकर डाही गांव में उसका भाई लोकल फाल्ट ठीक करने गया था। जिस व्यक्ति की ड्यूटी पावर हाउस पर थी उससे राकेश श्रीवास्तव से पूर्व में विवाद हुआ था। जिससे खुन्नस खाकर उसने जानबूझकर शटडाउन लेने के बाद भी सप्लाई चालू कर दी। जिससे उनका भाई हाई वोल्टेज का शिकार हो गया। यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि सोची समझी हत्या की साजिश है। बृजेश का आरोप है कि उनके भाई का सर्वप्रथम मोबाइल ले लिया गया। जिसे फॉर्मेट करके उन्हें वापस दिया गया है। वहां उपस्थित विभाग के लोगों ने सर्वप्रथम उसका मोबाइल और उसका पर्स लिया था। पर्स में उसके पैसे भी थे। वह भी किसी ने ले लिया है।



हेड टीटीआई राजेश प्रताप को सम्मानित करते कर्मचारीगण।

## हेड टीटीआई राजेश प्रताप के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

### विदाई समारोह में किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य टिकट निरीक्षक प्रतापगढ़ के आधीन कार्यरत राजेश प्रताप सिंह (हेड.टी.टी.आई.) के सेवानिवृत्त के अवसर पर भव्य विदाई समारोह का किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता वाणिज्य निरीक्षक डी.डी शुक्ला ने की।इस दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश सिंह ने आर.पी. सिंह के कार्य प्रणाली की तथा गाड़ियों की उद्घोषणा की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं उनके आगामी जीवन के सुखमय होने की शुभकामना दी। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थित गणमान्य लोगों में नीरज सोमवंशी सुल्तानपुर, यस.यस. शमीम अहमद, अब्दुल रशीद, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद शफीक खान, विपिन कुमार शर्मा, रवि कुमार, अनिल कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार और राम सिंह यादव, राजेश गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक एम.के. कश्यप, जी.डी.ओ. बी.बी. शुक्ला, आर.पी.एफ. ई.एस.आई. मंजीत चैधरी आदि उपस्थित रहे। विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन मो. अफजल ने किया। अंत में उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नौटंकी के दौरान युवती से छेड़छाड़, विरोध पर पूरे कुनबे को पीटा, पांच घायल

## सूचना पर पहुंची पुलिस, घायलों को भेजा अस्पताल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मांगलिक कार्यक्रम में हो रही नौटंकी के दौरान पड़ोस के कुछ शराबियों ने रिश्तेदारी आई युवती से छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने पूरे कुनबे की पिटाई कर दी, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सराय भवानी गांव निवासी बोतल गौतम के बेटे राहुल की शादी 28 मई को थी।दूसरे दिन बारात वापसी के बाद घर पर बहू भोज था जिसमें नौटंकी का कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान आरोप है कि पड़ोस के आधा दर्जन लड़के पहुंचे और रिस्तेदारी आई युवती से छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने मुनाई (25), नान्हू (27), सुरबिंदे (28), गुरू बिंदे (15) राहुल (19) व निशा (22) की लाठी डंडे से जमकर पिटाई करते हुए महिलाओं के गहने छीन लिए। इस अफ़रा-तफ़री मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलो को सीएचसी बेलखरनाथ धाम भेजा जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि नौटंकी के दौरान कुछ शराबी युवक ने मारपीट किया है। छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

# समाज के लिये समर्पित भाव से कार्य करती थीं अहिल्याबाई होल्कर

## सपाईयों ने मनाई अहिल्याबाई होलकर की 299वीं जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 299वीं जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर गोष्ठी के रूप में मनायी गयी।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चैंड़ी गांव में मांकोजी शिंदे की पुत्री के रूप में हुआ था। 12 साल की उम्र में उनका विवाह मराठा साम्राज्य के सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव होलकर के



अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई।

साथ हुआ था। उन्होंने माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया। अहिल्याबाई होल्कर ने विधवा महिलाओं और समाज के लिए कई काम किये उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती रहती थी इसके साथ ही वह गरीबों और निर्धनों की हरसंभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। उन्हें अपनी प्रजा के लिए अच्छी व्यवस्था करने के साथ मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए भी जाना जाता है अहिल्याबाई होल्कर ने काशी के विश्वनाथ मंदिर पुराने सोमनाथ मंदिर और अयोध्या के राम मंदिर के साथ ही उन्होंने बहुत से मंदिर और धर्मशालाएं बनवाई। इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, अनिल यादव, जावेद अख्तर, के.के.पाल एडवोकेट, रमेश पाठक, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष मनीष पाल, सयुस जिलाध्यक्ष संजीव पटेल, अश्वनी सोनी, निसार अहमद नगर अध्यक्ष, अंकुर मौर्या, विनय सिंह पूर्व प्रमुख, सुशील पाल, सौरभ पाल एडवोकेट, इमरान सभासद, लालसाहब सिंह, राजेश पाल एडवोकेट, राकेश पाल, अहमद अली, अब्दुल हई, मो.अफसर, विजय बहादुर पाल, रवि पाल, राजकुमार विश्वकर्मा, अनिल गौतम, असलम खान, प्रदीप यादव, राजकुमार प्रजापति सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# मदरसा बोर्ड की सेकेण्ड्री परीक्षा में सबा बानो ने जिले में किया टाप

## सादमा अंजुम ने दूसरा व शहनूर बानो ने हासिल किया तीसरा स्थान


**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मदरसा बोर्ड का सेकेण्ड्री, सीनियर सेकेण्ड्री, आलिम, कामिल व फाजिल का परीक्षाफल जारी हो गया। इस दौरान जिले में लड़कियों ने बाजी मारी। मदरसा जमीयतुस स्वालेहात कटरा मेटनीगंज की छात्रा सबा बानो ने सेकेण्ड्री परीक्षा में 600 में 508 अंक पाकर जिले में पहला स्थान हासिल किया।

वहीं मदरसा जमीयतुस स्वालेहात कटरा मेटनीगंज की छात्रा सादमा अंजुम ने सेकेण्ड्री परीक्षा में 600 में 504 अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। छात्रा सबा बानो के जिले



सबा बानो।



सादमा अंजुम।



शहनूर बानो।

में प्रथम स्थान हासिल करने पर उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इसी तरह मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना, पल्टन बाजार की छात्रा शहनूर बानो ने सेकेण्ड्री परीक्षा में 600 में 502 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। छात्रा शहनूर की सफलता पर मदरसा के प्रधानाचार्य जनाब मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने उसे बधाई दी और उसकी कामयाबी के लिये दुआएं दी। इस दौरान मुख्तार अहमद हबीबी ने अभिभावकों से कहा कि आप सब अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा जरुर दें। अच्छी शिक्षा से देश के विकास में छात्राओं का भी योगदान रहता है।

## भेड़ों की हुई मौत की जांच करने पहुंचा पशुपालन विभाग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पशु चिकित्सालय की दवा से हुई मौत के मामले की जांच करने पशुपालन विभाग गांव पहुंचा और मृत भेड़ों के शवों को जेसीबी से खुदवाकर नमूने लिए गए। पशु पालक का आरोप है कि गलत दवा व इंजेक्शन से उसके भेड़ों की मौत हुई थी। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कांधरपुर गांव के पन्ना लाल पाल के लगभग चैदह भेड़ों के बीमार होने की दवा व इंजेक्शन गजरिया पशु चिकित्सालय से ले गया था।जिसे खिलाने के बाद सभी की मौत हो गई थी। इस खबर को प्रमुखता से बीते बुधवार को प्रकाशित किया था, जिसकी जांच करने गुरुवार को जिला मुख्यालय से पशुपालन विभाग की टीम गांव पहुंची और जेसीबी मशीन से गाड़े गए मृत भेड़ों को खुदवाकर नमूने व सेमप्ल लिए गए। पशु पालक का आरोप है कि वहां तैनात पशु मित्र के द्वारा गलत दवाओं से उसके भेड़ों की मौत हुई है। आरोप है कि सरकारी दवा के लिए पैसा भी देना पड़ता है। घटना के बाद पशु पालन विभाग के डॉक्टर आरोपित कर्मचारी का बचाव करते नजर आए। उन्होंने कहा कि पशुपालक ने दवाइयो का ओवरडोज दे दिया जिसकी वजह से यह मौत हुई है।

# दो जून को नौतपा का असर होगा खत्म, फिर भी एहतियात जरुरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नौतपा का असर कल दो जून को समाप्त हो जाने के बाद इस भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। आज की सुबह बेल्हा शहर में कुछ बादल छाये रहने से धूप का असर कम दिखाई दिया। इससे लगता है कि नौतपा की भीषण गर्मी से एक दिन बाद राहत मिल सकती है।

जानकार सूत्रों के अनुसार रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के पृथ्वी के समीप आ जाने से सूर्य की सबसे अधिक गर्मी पृथ्वी पर रह रहे लोगों को झेलना पड़ता है। रोहिणी नक्षत्र दो जून को समाप्त हो रहा है और इसी दिन सूर्य भगवान पृथ्वी से दूर अपनी कक्षा में चले जाएंगे और लोगों को इस भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। वैसे अभी ज्येष्ठ माह में तीन सप्ताह बाकी हैं। इसमें गर्मी का असर रहेगा। तीन सप्ताह बाद आषाढ़ में झमाझम बारिश होगी

### तीन सप्ताह बाद आषाढ़ माह में होगी झमाझम बारिश

तब लोगों को इस भीषण गर्मी से अधिक राहत मिलने की संभावना होगी। आज प्रतापगढ़ का तापमान 1.5 डिग्री घटा है। कल 45.5 डिग्री तापमान था और आज 44 डिग्री अधिकतम और न्यूनतम 32.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। केरल में मानसून आ गया है लेकिन यहां उसे यहां आने में अभी तीन सप्ताह लग सकते हैं। भीषण गर्मी से दो जून के बाद राहत मिलेगी लेकिन जब तक मानसून तपती धरती को शीतलता नहीं प्रदान करेगी, तब तक गर्मी का असर बना रहेगा। चिकित्सकों का मानना है कि नौतपा के जाने के बाद ही ज्येष्ठ माह तक गर्मी से बचाव करना बहुत जरुरी है। धूप में कम निकलना, पानी का अधिक पीना, पूरी आसतीन की कमीज पहनना व सिर ढककर रखना आदि सावधानियां बरतनी चाहिये।

## घर के सामने खड़ी बोलेरो उठा ले गए चोर, मालिक के रोकने पर चढ़ाने का प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक इस तरह बढ़ा है की घर के सामने खड़ी बोलेरो को ले जाने से मना करने पर मलिक के ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया और गाड़ी लेकर चले गए, जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस की है। पूरेधना गांव निवासी संतोष पांडे पुत्र सभापति बोलेरो चलाकर परिवार का भाषण करता है वह प्रतिदिन की भांति गाड़ी को घर के सामने खड़ी करके सो रहे थे। बताते हैं कि रात दो बजे एक सफेद बोलेरो से पांच लोग आए और उसकी बोलोरो ले जाने लगे तो पीड़ित और उसका पिता जग गए दूसरी गाड़ी में बैठे तीन चोरों ने पिता पुत्र को कुचलने का प्रयास किया तो बचने के लिए इधर-उधर भाग कर जान बचाई। इतने में मौका पाकर दो चोर बोलोरो लेकर पट्टी की तरफ फरार हो गए। पीड़ित नहीं इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सुबह पट्टी थाने में तहरीर दिया है। चोरों के आतंक से लोग परेशान हैं। चार महीने में दर्जन भर से अधिक चोरी हुई है जिससे अभी एक भी चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है जिससे क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है। इसलिए चोरों के हौसले बुलंद हैं।

## सात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में लालगंज पुलिस ने सात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा तथा घर में घुसकर मारपीट व आगजनी समेत कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कालूराम का पुरवा खजुरी निवासी बाबू लाल पाल की पुत्री ममता की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात हुई मारपीट की घटना में गांव के बृजेश की पत्नी उर्मिला, पुत्र निखिल, अंकित, रामफेर के पुत्र राम अभिलाष, नया का पुरवा बेलहा के बाबू लाल के पुत्र विपिन यादव, करन यादव तथा हिरऊ का पुरव बेलहा निवासी काशी के पुत्र अनिल के खिलाफ रंजिशन लाठी डंडे व कुल्हाडी, सरिया से पीडिता के घर जानलेवा हमले के तहत मारपीट व आगजनी को लेकर पुलिस ने गुरूवार को गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना में पीडिता के परिवार की घायल महिलाओं का गंभीर दशा में प्रयागराज मेडिकल कालेज में इलाज जारी है। इस बीच आरोप है कि बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे आरोपियों ने पीड़िता के घर में आगजनी की वारदात अंजाम दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मां का आंचल निबंध प्रतियोगिता में लाजू अव्वल

**प्रिया और सिमरन ने भी दिखाया हुनर**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क फ्री स्टडी सेंटर पर चल रहे फन समर कैंप के तीसरे दिन शुक्रवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बाजी मारी। छात्र फिसड्डी निकले। मां का आंचल शीर्षक पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लाजू विश्वकर्मा ने पहला, प्रिया ने दूसरा और सिमरन प्रजापति ने तीसरा स्थान हासिल किया। सेंटर की टीचर दामिनी ने तीनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार भी है। जो कैंप के अंतिम दिन दिया जायेगा। प्रतियोगिता दस नंबर की थी। जिसमें लाजू ने सर्वाधिक आठ अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रिया को छह और सिमरन को पांच अंक मिले हैं। कैम्प जरूरतमंद छात्रों के लिए ही चलाया जा रहा है। जिसमें उनको अपना हुनर दिखाने का मौका दिया जा रहा है। जो जिस विधा में जीतेंगे उन्हें आगे भी बड़े मंचों पर मौका मिल सकेगा। कैम्प में बच्चे बढ़ चढ़कर कर हिस्सा ले रहे हैं। संचालन हिमांशु ने किया।

# नवनिर्मित नगर पंचायत हीरागंज मे चौराहे पर पेयजल और शौचालय का अभाव

## कहने को बन गया नगर पंचायत लेकिन व्यवस्था पहले जैसी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बीते वर्ष मे कुंडा तहसील की बाजार हीरागंज को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया तो लोगों को लगा की अब बाजार मे नगर जैसी सुविधाएं जल्दी ही बहाल ही जाएगी। विकास की गतिविधियां शुरु तो हुयी लेकिन कस्बे के हिसाब से काम नही हुआ, मुख्य चैराहे की व्यवस्था आज भी पहले जैसी ही नजर आती है। आज भी पेयजल और शौचालय का अभाव है जिसके चलते लोगों को पहले जैसे ही काम चलाना




हीरागंज चौराहे पर सुविधाओं का अभाव।

पड़ता है। कड़कती गर्मी मे लोगों को पानी के लिए बंद बोतलों का सहरा लेना पड़ता है जब की नगर पंचायतों की अवधारणा रही है की प्रमुख स्थलों पर पेयजल और शौचालय का निर्माण करवाया जाता है, जो अभी तक नही करवाया जा सका। नगर पंचायत हीरागंज की महिला अध्यक्ष सुलेखा देवी से इस बारे मे बात की गयी तो उनके प्रतिनिधि उदय शंकर पांडे ने बताया की इसके लिए प्रपोजल बनवा कर नगर विकास विभाग को भेजा गया है, जैसे ही कार्य योजना स्वीकृत होकर इसके लिए मद जारी होता है वैसे ही इस समस्या को हीरागंज से दूर कर दिया जायेगा। उन्हे इस बात का अहसास है की गर्मी के महीने मे पेयजल बड़ी समस्याओं मे गिना जाता है। आने वाले समय मे इसकी व्यवस्था बना ली जाएगी। हीरागंज के व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद यादव का कहना है की नगर पंचायत बनने के बाद इन समस्याओं पर प्रमुखता से विचार किया जाना था लेकिन नाही किया गया जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। हीरगंज बाजार मे इंटर कालेज भी स्थित है और बाबागंज विधानसभा की प्रमुख बाजारों मे से एक है लेकिन आज भी स्थानीय व्यापारी हों या आसपास के किसान या छात्र दिक्कत सभी को हो रही है लेकिन इसकी सुनवाई कब होगी ये आने वाला समय बताएगा।

## जायद फसलों के खसरे के दुरूस्तीकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जायद की फसल के खसरे को दुरूस्त किये जाने को लेकर तहसीलदार ने मातहतों की पेंच कसी है। तहसील सभागार में राजस्व निरीक्षकों तथा क्षेत्रीय लेखपालों की हुई बैठक में तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने इस समय जायद की फसल के तहत सब्जियों तथा उर्द व मूंग के गाटा के आधार पर खसरा अंकित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होनें मातहतों को इक्तीस मई तक खसरा पूर्ण कर आख्या दिये जाने के निर्देश दिये है। बैठक में नायब तहसीलदार पंकज कुमार भी मौजूद रहे।

# जिले में रोपे जाएंगे 25 लाख से अधिक पौधे

## जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराने के दिये निर्देश





अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद कौशाम्बी को कुल 25 लाख 70 हजार 760 वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें वन विभाग को 892700 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार पर्यावरण विभाग को 32700, ग्राम्य विकास विभाग को 963000, राजस्व विभाग को 15000, पंचायतीराज विभाग को 95000, नगर विकास को 23000, लोक निर्माण विभाग को 13000, जल शक्ति विभाग को 13000, कृषि विभाग को 188000, पशु पालन विभाग को 9000, सहकारिता विभाग को 4200, उद्योग विभाग को 18000, उर्जा विभाग को 6860, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 9200, बेसिक शिक्षा को 12000, प्राविधिक शिक्षा को 5000, उच्च शिक्षा को 5000, स्वास्थ्य विभाग को 13000, परिवहन विभाग को 1800, उद्यान विभाग को 115000, गृह/पुलिस विभाग को 6300 एवं जल निगम (ग्रामीण) को 130000 लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष स्थल का चिन्हीकरण कर वृक्षारोपण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के उपस्थित अधिकारी को राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त किये बिना संचालित ईंट-भट्ठों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे जैविक खेती कर रहें कृषकों/संस्थाओं एवं नमामि गंगे के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह एवं उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य समबन्धित अधिकारीगण तथा सदस्य जिला गंगा समिति विनय पण्डा उपस्थित रहे।

### धान की नर्सरी डालने से पहले किसान करें भूमि एवं बीज शोधन

**कौशाम्बी।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि धान की नर्सरी का सीजन नजदीक आ रहा हैं, फसलों को रोगों एवं कीड़ों से बचाव के लिए भूमि एवं बीज शोधन अवश्य करें, क्योंकि बीज शोधन करने से फसलों में बीज जनित रोगों की समस्या नहीं आती। इसी प्रकार भूमि शोधन करने से भूमि में रोग और कीड़ों की समस्या समाप्त हो जाती है। गतवर्ष जिन कृषकों ने भूमि एवं बीज शोधन किया था उनकी फसलों में कोई रोग नहीं लगा। उन्होंने बताया कि बीज शोधन के लिए किसान भाई बीज को रात भर पानी में भिगोने के बाद दूसरे दिन बीज को पानी से निकाल कर 2.5 से 3 ग्राम कार्बेण्डाजिम 50 प्रति0 या थीरम 75 प्रति0 अथवा 4 से 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज की दर से 4 से 5 लीटर पानी में 10 ग्राम गुड़ के साथ घोलकर बीज में मिला दें, उसके बाद बीज को छाये में अंकुरित होने तक रख दें, तत्पश्चात बीज को नर्सरी के लिए प्रयोग करें। इसी प्रकार भूमि शोधन के लिए 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर ट्राइकोडर्मा या बिवेरिया बैसियाना 65 से 70 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह के लिए छायेयुक्त स्थान में रखकर आवश्यकतानुसार पानी का छींटा मारते रहें। इसके बाद ट्राइकोडर्मा से मिली गोबर की खाद को फसल लगाने से पहले खेत में डालकर जुताई कर दें। भूमि शोधन एवं बीज शोधन के लिए रसायन कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान जिला कृषि रक्षा अधिकारी से मोबाइल नम्बर-9889609438 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पैनल अधिवक्ता पद के लिए अभ्यर्थी 11 जून 2024 तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के निदेर्शानुसार गरीब, निर्धन, असहाय व्यक्तियों, कारागार में निरूद्ध बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधि सेवायें विनियम-2010) के अन्तर्गत पैनल अधिवक्ता का पैनल तैयार किया जाना हैं। मुख्यालय स्तर पर 10 और प्रत्येक तहसील स्तर पर 5-5 अधिवक्ता का चयन गठित समिति द्वारा बनाया जायेंगा। चयनित पैनल अधिवक्ता की वैधता 03 वर्ष के लिए होगी। चयनित पैनल अधिवक्ता को उ0प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के संस्तुति उपरान्त, कायार्नुसार मानदेय देय होगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि ऐसे इच्छुक अधिवक्ता, जिनको विधिज्ञ व्यवसाय में कार्य करने का अनुभव 03 वर्ष से कम न हो और सिविल, दाण्डिक, संविधानिक विधि, पर्यावरण विधि, श्रमिक विधिक, वैवाहिक विवाद विधि, राजस्व विधि, चकबन्दी विधि आदि में किसी एक विधि व्यवस्था में विशेष अनुभवी हो, आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन के साथ उ0प्र0 बार काउन्लिस पंजीयन संख्या, स्थायी बार एसोसिएशन पंजीयन संख्या, विशेष रूप से किसी एक विधि व्यवसाय में अनुभव रखते हो और संबंधित बार एसोसिएशन अध्यक्ष/महामंत्री द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र तथा अन्य सुसंगत सूचना तथा औपचारिक प्रपत्रों को संलग्न करना होंगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी में दिनांक 11 जून 2024 की सायं 04 बजे तक प्राप्त करा सकतें हैं।

### हत्या का प्रयास सहित डेढ़ दर्जन मामले में वांछित को पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित डेढ़ दर्जन मामले के वांछित को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए युवक पर जिला पंचायत सदस्य राज गौतम के ऊपर 3 दिन पहले फायरिंग किए जाने का आरोप है पुलिस ने वांछित को लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया। सराय अकिल थाना एसआई अभिषेक शुक्ल ने धारा 307/427 भादवि से सबन्धित वांछित अभियुक्त संदीप पाल पुत्र मेदीलाल निवासी कोटिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को भुईयाबाबा के चबूतरे के पास ग्राम कोटिया के पास से गिरफ्तार किया है पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर 01 देशी तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर का बरामद किया है। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

## दो महिलाओ सहित कुल 09 की हीट वेव के चलते हुई मौत

**कौशाम्बी।** गुरुवार को जिले में आसमान से बरस रही आग की चपेट में आने से दो महिलाओ सहित कुल 09 लोगों की मौत हों गई। गुरुवार को महज 04 घंटे के अंदर सात 07 लोगों की मौत हुई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की इन मौतों के बाद नींद उड़ गई है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लालापुर निवासी राममिलन 35 वर्ष पुत्र शीतल की लू लगने के कारण तबीयत बिगड़ गई। परिजन गंभीर हालत में उन्हें लेकर मंझनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इलाज शुरू होने के 15 मिनट बाद राममिलन ने दम तोड़ दिया कड़ा धाम थाना क्षेत्र के निजाम का पूरा की रहने वाली सारिका बनो 70 वर्ष पत्नी इच्छन हैदर भी नौतपा का शिकार हो गई। मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां आधे घंटे बाद उनकी मौत हो गई। करारी थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी हीरालाल




70 वर्ष पुत्र राम भजन को अचानक तेज बुखार आया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचते इसके पहले उनकी सांसे थम गई।कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी गांव के रहने वाले जैनुद्दीन 60 वर्ष पुत्र अब्दुल खालिक पैरालाइसिस अटैक से जूझ रहे थे। गर्मी के कारण अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी परिजन उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बरुआ निवासी राकेश कुमार 50 वर्ष पुत्र लोकपाल, सैनी थाना क्षेत्र के गनपा की रहने वाली कौशल्या देवी 32 वर्ष पत्नी नरेंद्र कुमार, महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी जय बंधन 65 वर्ष पुत्र झुरई को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डॉ एसके शुक्ला ने बताया 2 मरीज को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्हें लू लगने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा जो भी लोग अस्पताल ले गए। वह मृत हालत में थे, उनकी मौत की वजह स्पष्ट नहीं है।पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए संबंधित थाना पुलिस को सूचित किया गया है।

## चौथी मंजिल की खुली छत में युवक का मिला झुलसा शव, मचा हड़कंप

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 10 नेहरू नगर के एक मकान की चौथी मंजिल में खुली छत पर एक युवक का झुलसा हुआ शव मिला है ।जानकारी के मुताबिक सुरेश कुमार साहू निवासी वार्ड नंबर 1 भौंतर नगर पंचायत अझुवा बैग बनाने का कारोबार करते हैं रोशन लाल केसरवानी करीब 2 दशक से इनके यहां बैग बनाने का कार्य करते हैं । सुरेश साहू वार्ड नंबर 10 नेहरू नगर निकट भोला चौराहा में भी एक बैग बनाने का दुकान खोल रखे हैं उसी दुकान में रोशन लाल केशरवानी उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्व. सोहन लाल बैग बनाने का काम करते हैं रात में यहीं रहते थे शराब के जबरजस्त शौकीन थे। पत्नी अपने बेटी के साथ धाता में रहती है। मोहल्ले वासियों के अनुसार बीती शाम 9 बजे तक युवक दिखा फिर इसके बाद दुकान बंद कर चला गया वहीं दुकान मालिक सुरेश जब आज शुक्रवार की सुबह दुकान आया तो दुकान का शटर अंदर से




बन्द था सुरेश ने संभावित जगहों में तलाश किया किंतु रोशन लाल नही मिला तब सुरेश भौतर घर से दूसरी चाभी लाकर दुकान खोला तो देखा जीना का दरवाजा खुला है तो ऊपर चढ़ता चला गया चौथी मंजिल के खुली छत पर रोशन का झुलसा शव दिखा ।सूचना पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए ,पुलिस भी पहुंच गई लोगों ने अनुमान लगाया बीती शाम भी भयानक गर्मी थी रोशन खा पीकर गर्मी से परेशान रोशन छत पर गया होगा अधिक नशा होने के कारण छत पर लेट गया होगा ।जिससे झुलसने से मौत हो गई ।मौके पर पत्नी और नगर पंचायत में रहने वाले दूसरे सगे भाइयों को लोगो ने बुलवाया और जानकारी दी गई तमाम संभ्रांत लोगों से राय मशविरा कर भाइयों और पत्नी ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम न करवाने का अनुरोध किया पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया शाम को परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया रोशन के मौत की चर्चा पूरे दिन नगर पंचायत में होती रही है।

### ड्यूटी जा रहे वन विभाग के दरोगा को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**कौशाम्बी।** घर से ड्यूटी जा रहे बाइक सवार वन विभाग के दरोगा को सैनी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर कोदन के नेशनल हाईवे के पास ईंट लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया जिससे वन विभाग के दरोगा घायल हो गए हैं और सड़क पर गिर पड़े हैं आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी एंबुलेंस को सूचना दी और घायल वन विभाग के दरोगा को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग के दरोगा गया प्रसाद मौर्य पुत्र रामफल अपने गांव बदलेपुर नन्दसैनी से डोरमा वन विभाग ऑफिस ड्यूटी जा रहे थे इसी बीच वह सड़क हादसे के शिकार हो गए हो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## ओवरलोड से हीट ट्रांसफार्मर में फाल्ट, कई गांव में अंधेरा, उमस में जीने को मजबूर लोग

**महगाँव कौशांबी।** चायल तहसील के महगांव के पैगम्बर पुर पॉवर हाउस 33/11 केवीए में दो दिन से गर्मी और ओवरलोड की वजह से ट्रांसफॉर्मर फाल्ट हो रहे हैं जिससे कई गांव में अंधेरा छा गया है और भयंकर गर्मी उमस में लोग जीने को मजबूर हैं।उमस भरी गर्मी में एसी, फ्रिज का प्रयोग बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ गई है।ओवरलोड होने के कारण लगातार ट्रांसफार्मर फाल्ट से जहां विद्युत व्यवस्था लड़खड़ा गई है, वहीं ट्रांसफार्मर भी ओवर लोड से हांफने लग रहे हैं। बीते दो दिनों से बिजली रही खराब ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। चायल तहसील क्षेत्र के पैगंबरपुर पावर हाउस के बलकरन पुर , मलाहरा,रैयादेह माफी ,कटरा, पंनोई , तेलियन का पूरा , अमृत नगर आदि गांव में अंधेरा रहा ट्रांसफार्मरों के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए कई तार व खंभे जर्जर हो चुके हैं। बावजूद यहां रेवड़ी की तरह कनेक्शन वितरित किए गए हैं। क्षमता से अधिक लोड पड़ने के कारण जहां तार टूट जा रहे हैं, वहीं ओवर लोड से ट्रांसफार्मर जल जा रहे हैं। तेल का रिसाव होने लग रहा है। यह समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद इसे ठीक कराने व बदलवाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को तीन से चार दिनों तक बिन बिजली के समय गुजारना पड़ता है, जिसके कारण गर्मी में उनकी बेचैनी बढ़ जाती है। ताजा मामला गुरुवार का है इस दौरान क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप बताई जा रही है जेई मुनेश ने बताया कि ओवरलोड होने के कारण ट्रांसफार्मर फाल्ट हो गया था और फिर सही कराया गया है।

## न्यूज झरोखा

### मारपीट में घायल को अस्पताल से खींचकर हत्या का प्रयास



**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी निवासी मोहम्मद शाकिर पुत्र मोहम्मद हाशिम पर 25 मई को हमला किया गया था जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई थी जिसका मुकदमा भी कोखराज थाने में पंजीकृत हुआ है घायल मोहम्मद शाकिर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है लेकिन हमलावर और उनके सहयोगियों का दुस्साहस देखिए कि 29 मई की दोपहर को हमलावर के सहयोगी जिला अस्पताल पहुँचे और इलाज करा रहे मोहम्मद शाकिर को जिला अस्पताल के वार्ड से खींचकर बाहर ले जाने लगे मोहम्मद शाकिर ने होहल्ला मचाया जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया हो हल्ला सुनकर नर्स डॉक्टर और अस्पताल कर्मी मौके पर पहुंचे और मरीज को खींच कर ले जा रहे लोगो को फटकार लगाई बढ़ती भीड़ देखकर हमलावर धमकी देते हुए चले गए हैं सवाल उठता है कि हमलावर कितने दबंग है जिला अस्पताल जैसे सुरक्षित स्थान पर उनका दुस्साहस देखिए कि जिसे एक बार मारपीट कर घायल कर चुके हैं उससे सुलह समझौते मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिए जिला अस्पताल से खींच कर ले जा रहे हैं मुकदमा वापस लेने और सुलह समझौता से इनकार करने पर उसकी हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई थी कार्रवाई न होने पर मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को 31 मई को दी गई है।

### कोखराज पुलिस ने किया क्षेत्र में पैदल गस्त



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली है और लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया है थाना प्रभारी इंद्रदेव अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले हैं भ्रमण के दौरान उन्होंने वाहनों की चेकिंग की और गलत पाए जाने पर कार्यवाही की इस दौरान उन्होंने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का पाठ पढ़ाया और कहा कि सड़क पर वाहन खड़ा ना करें इससे जाम लगता है और जाम की समस्या से दुर्घटना बढ़ती है लोगों को दिक्कतें होती हैं पैदल प्रमाण के दौरान कोखराज पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी और उनसे पूछताछ की और आमजन मानस को सुरक्षा का एहसास कराया है।

### एसआई और फायरमैन हुए सेवानिवृत्त,एसपी एएसपी ने पुलिस कर्मियों को दी विदाई

**कौशाम्बी।** जनपद में तैनात रहकर सेवा दे रहे एसआई रमेश कुमार एवम फायरमैन राम चंद्र आज सेवानिवृत्त हो गए। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मी को पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर, प्रशस्ति पत्र देकर ससम्मान विदाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । इस दौरान एएसपी अशोक कुमार वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महगाव कौशाम्बी** जनपद के संदीपन घाट थानांतर्गत मलाक मोईनउद्दीनपुर निवासी वारण्टी छविलाल पुत्र केशव प्रसाद को थाना संदीपनघाट पुलिस ने सम्बन्धित 1061/2019,292/19 धारा 498ए/323/506 भादवि0 व 3/4डी.पी.अउळ गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही के पश्चात न्यायालय सुपुर्द किया गया।

### अनियंत्रित होकर कार पलटी चालक की हालत गंभीर

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कानपुर से इलाहाबाद की तरफ तेज रफ्तार आ रही कार जैसे ही टेढ़ी मोड़ ओवर ब्रिज के पास पहुंची गाड़ी का पिछला टायर फट जाने से कार अनियंत्रित हो कर सर्विस रोड पर जा गिरी जिससे चालक को गंभीर चोट आई है जानकारी के अनुसार कार चालक मोहम्मद तौफीक उम्र 50 वर्ष पुत्र मोहम्मद अब्दुल वहीम निवासी पइंसा सिराथू थाना पइंसा का है तेज रफ्तार का शिकार हुआ है सूचना पर हल्का पुलिस पहुँची और घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### सूखी नहरों में जलापूर्ति करने की सकिपा ने की मांग

#### पार्टी नेता अजय सोनी ने सिंचाई विभाग के अवर अभियंता से नहरो में पानी छोड़े जाने को लेकर की वार्ता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी नेता अजय सोनी ने गुरुवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम पड़री में किसानो के साथ बैठक की। बैठक में नहर में पानी न आने की किसानो ने शिकायत की। किसानो का कहना था कि नहर में पानी न आने से गर्मी में भारी दिक्कत हो रही है, साथ ही जंगली एवं पालतू पशुओं को भी प्यासे मरना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर अजय सोनी ने सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन कौशांबी से जिले भर की सभी सूखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने की मांग की है। मौके पर से ही पार्टी नेता अजय सोनी ने करारी माइनर नहर के अवर अभियंता गरुड़देव शर्मा से फोन पर वार्ता कर जल्द ही करारी माइनर समेत अन्य सूखी नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की। अजय सोनी ने अवर अभियंता को बताया कि नहरों में जलापूर्ति न होने से जायद की फसले सूख रही हैं और लोग परेशान हैं। इतना ही नहीं बल्कि किसानो को बेहन तैयार करने के लिए भी तत्काल पानी की जरूरत है और नहरों में एक बूंद पानी नही है। अवर अभियंता सिंचाई विभाग गरुणदेव शर्मा ने किसान नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की मांग पर जल्द ही कौशांबी की करारी माइनर नहर में जलापूर्ति करने की बात कही है। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, राजेश पटेल, भगवान दास वर्मा, अजय वर्मा, मुन्ना सिंह, जुम्मन अली समेत कई लोग मौजूद रहे।

### 3 किलो गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**कोखराज।** कौशाम्बी कोखराज थाना पुलिस ने बाइक से गांजा लेकर जा रहे तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है,पुलिस ने बाइक सवार गांजा तस्करों के पास से 3 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया है,पुलिस ने तीनों गांजा तस्करों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया चौकी प्रभारी नीरज उपाध्याय व एसआई शिवम पाण्डेय ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों मो० नुजैफ पुत्र मो० आमिन निवासी बरीपुर थाना कोखराज वा वासू गुप्ता पुत्र अशोक कुमार गुप्ता निवासी राजरूपपुर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज वा नूर आलम पुत्र मकसूद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को बिसारा टावर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवकों की बाइक की डिग्गी में रखे 03 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोखराज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है और विधिक कार्यवाही के बाद उन्हें को न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन गड्ढे में तब्दील

अखंड भारत संदेश

**करोड़ों में खेलने लगे सरकारी जमीन की मिट्टी खोदकर बेचने वाले माफिया तहसील प्रशासन सरकारी जमीन को सुरक्षित करने के लिए आगे आने को नहीं है तैयार**

**सरकारी जमीन से मिट्टी खनन के मामले में पुलिस भी वसूली तक रह गई सीमित**



**कौशांबी।** सरकारी जमीन की सुरक्षा का जिम्मा संबंधित तहसील के तहसीलदार और उप जिलाधिकारी को सरकार ने दिया है लेकिन सरकारी जमीन बंजर ऊसर तालाब नवीन परती आदि से बेखौफ तरीके से मिट्टी खनन माफिया मिट्टी खोदकर सरकारी जमीन को बर्बाद कर रहे हैं हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन गड्ढे में तब्दील हो रही है और सरकारी जमीन से मिट्टी खोदकर मिट्टी माफिया करोड़ों में खेलने लगे हैं इस अवैध धंधे में अफसर भी मालामाल हुए हैं अवैध तरीके से बिना किसी अधिकार के सरकारी जमीन से मिट्टी खोदने के मामले में रोक लगाने को संबंधित तहसील के तहसीलदार और उप जिला अधिकारी तैयार नहीं दिखाई पड़ते हैं प्रतिदिन पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी माफिया सरकारी जमीन से मिट्टी खोद रहे हैं थाना पुलिस भी शिकायत के बाद मिट्टी खनन में लगे माफियाओं को पकड़ कर उनसे वसूली तक सीमित रह गई है इन दिनों जेसीबी संचालक और ट्रैक्टर चालक सरकारी जमीन की मिट्टी खोदकर बेचने में व्यस्त दिखाई पड़ रहे हैं जिले के तीनों तहसील क्षेत्र में बेखौफ तरीके से सरकारी जमीन से मिट्टी खनन की जा रही है देखते देखते हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन गड्ढे में तब्दील हो गई है लेकिन कहीं भी तहसीलदार और उप जिला अधिकारी सरकारी जमीन की मिट्टी खनन पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं जिससे उनके माफियाओं से साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है। चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत महगाव के मजरा मलहरा में बीते 2 महीने से जेसीबी मशीन संचालक सरकारी बंजर जमीन से मिट्टी खोद रहे हैं कई हेक्टेयर सरकारी बंजर जमीन को 10 फुट गहरा कर दिया गया है बताया जाता है कि इस जमीन से 20 लाख रुपए से अधिक कीमत की मिट्टी जेसीबी मशीन संचालकों ने बेच लिया है शिकायत के बाद चरवा थाना पुलिस ने जेसीबी संचालक को पकड़ा लेकिन आरोप है कि 30000 लेकर फिर जेसीबी संचालक को थाना पुलिस ने छोड़ दिया है जिसके बाद जेसीबी संचालक फिर सरकारी जमीन से मिट्टी खनन में लगा हुआ है यही स्थिति पिपरी थाना क्षेत्र के मखाऊपुर सहित कई गांव की है जहां जेसीबी संचालको ने सरकारी जमीन से मिट्टी खोद कर एक करोड रुपए कीमत की मिट्टी बेच लिया है चरवा थाना क्षेत्र के मीरन और सिरसी के सरकारी तालाबों सहित इलाके के दर्जनों तालाब बंजर और सरकारी भूमि से खनन माफियो ने बहुत ज्यादा मिट्टी का खनन किया है लेकिन कार्यवाही शून्य हैं। सिराथू तहसील क्षेत्र के टेडीमोड पुलिस चौकी के पीछे तड़ाहड़ खोजवापुर सहित कई गांव से सरकारी जमीन से करोड़ों की मिट्टी खोदकर बीते कुछ साल पहले बेची जा चुकी है इसी तरह मंझनपुर मुख्यालय के बगल में कादीपुर ग्राम पंचायत के पीछे बसोहरा अम्बावा पूर्व अम्बावा पश्चिम खोजवापुर कादीपुर आदि ग्राम पंचायत से भी कई महीने से सरकारी जमीन से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है लेकिन मंझनपुर तहसील प्रशासन और सिराथू तहसील प्रशासन कार्यवाही करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है इसके अलावा भी तमाम ग्राम पंचायत क्षेत्र में मिट्टी खनन का काम सरकारी भूमि से तेजी से चल रहा है अब सवाल उठता है कि सरकारी भूमि को सुरक्षित करने का जिम्मा तहसीलदार और उप जिला अधिकारी को दिया गया है क्षेत्र में लेखपाल और कानून को हमेशा भ्रमण करते हैं और सरकारी जमीन से मिट्टी खनन की जानकारी उप जिला अधिकारी और तहसीलदार को यह देते हैं कि नहीं देते हैं यह उनका विभागीय मामला है लेकिन सरकारी जमीन से मिट्टी का खनन बेखौफ तरीके से लगातार बीते कई साल से बेखौफ चल रहा है जिससे राजस्व प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं आखिर हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन को गड्ढा बनाने में लगे माफियाओं पर मुकदमा दर्ज कराकर मिट्टी की कीमत इनसे वसूल करके सरकारी जमीन को समतल क्यों नहीं किया जा रहा है यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है चचाओं पर जाए तो जिले के तीनों तहसीलों के तहसीलदार मिट्टी माफियाओं से करोड़ों की कमाई के सपने देख रहे हैं जिसके चलते सरकारी जमीन से मिट्टी खनन पर रोक लगाने का प्रयास नहीं किया जाता है बताया जाता है कि सड़क चौड़ीकरण में मिट्टी डाली जाती है और इस मिट्टी को सरकारी जमीन से खुदाई होती है राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर फोरलेन सड़क के चौड़ीकरण और सिक्स लेन सड़क के चौड़ीकरण में सरकारी जमीनों से मिट्टी का खनन हुआ है इतना ही नहीं रेलवे द्वारा अतिरिक्त रेल लाइन बिछाए जाने में भी मिट्टी का भराव सरकारी जमीन से मिट्टी खोदकर की गई है निजी जमीनों से मिट्टी खोदने को नहीं मिल रहा है जिससे ठेकेदार सरकारी जमीन से मिट्टी खोद कर बेच रहे हैं और जिम्मेदार सरकारी जमीन के मिट्टी खनन पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं।

## संपादक की कलम से

### पिछड़ों का आरक्षण कौन छीन रहा है?

सामाजिक न्याय और जाति गणना के मुद्दे पर, अपने मनुवादी-सवर्णवादी रुख का बचाव करने और इस बचाव को सांप्रदायिक हमले के हथियार में तब्दील करने के लिए, प्रधानमंत्री से लगाकर नीचे तक, इसके सरासर बेतुके तथा झूठे दावे के साथ कि इंडिया एलाइंस दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के आरक्षण में से एक हिस्सा छीन लेगा, यह टेक जोड़ दी गई कि छीना हुआ हिस्सा, मुसलमानों को दे देंगे।

अब जबकि सिर्फ सातवें चरण में 57सीटों के लिए मतदान बचा है और चुनाव के नतीजे बस हफ्ता भर दूर हैं, इसके अनुमानों में जाना उपयुक्त नहीं होगा कि इस बार के करीब पौने दो महीने लंबे ,चुनाव के पूरे दौर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा के प्रचार में जैसी बदहवासी दिखाई दी है, उन्हें हार अपनी ओर बढ़ती दिखाई देने का ही नतीजा थी या नहीं। बहरहाल, इतना हम पक्के तौर पर कहेंगे कि खासतौर पर पहले चरण के मतदान के बाद से, खुद प्रधानमंत्री के स्तर पर जो बदहवासी नजर आई है, वह छठे चरण के बाद तक भी ज्यों की त्यों बनी ही हुई है। बदहवासी से हमारा आशय संघ-भाजपा के अपने विराट आर्थिक तथा मीडियाई व अन्य प्रचार संसाधनों समेत, सचमुच सब कुछ प्रचार में झौंक देने के लिए उद्यत होने भर से नहीं है, जिसके लिए मोदी की भाजपा को वैसे भी जाना जाता है। यह इसके बावजूद है कि इस सब कुछ झौंकने में शब्दशः सब कुछ झौंकना शामिल है, तमाम कायदे-कानूनों और मर्यादाओं समेत।

बदहवासी से हमारा आशय, खासतौर पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके अपना ही कोई सुसंगत नैरेटिव पेश करने के बजाय बहुत दूर तक, विरोधियों के नैरेटिव को झुठलाने पर ही केंद्रित हो जाने से है। वास्तव में चुनाव प्रचार के छोर तक पहुंचते-पहुंचते नौबत यहां तक आ गई है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का उपहास करते हुए, अपनी सभाओं में यह तक कहना शुरू कर दिया है कि वह जो भी चाहें, नरेंद्र मोदी के मुंह से कहलवा सकते हैं। वह कहेंगे खटाखट, तो प्रधानमंत्री भी अपने भाषण में खटाखट-खटाखट ही करने लगेंगे! और सचमुच प्रधानमंत्री की सभाओं में खटाखट, खटाखट सुनाई देने लगी है।

फिर भी सामाजिक न्याय तथा जाति जनगणना के विपक्षी इंडिया मंच के महत्वपूर्ण एजेंडा के खिलाफ नरेंद्र मोदी ने अपने हमले को, अपने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक एजेंडे के इर्द गिर्द बुनने की जो कोशिश की है, उसे कोई चाहे तो संघ परिवार का मूल नैरेटिव भी कह सकता है। लेकिन, यह अगर उनका अपना नैरेटिव है तो, यह बहुत ही दरिद्र नैरेटिव है। इस नैरेटिव की दरिद्रता इसमें है कि यह तो उनका सांप्रदायिक चेहरा साफ-साफ सामने ला देता है। यह बात कम से कम दर्ज तो की ही जानी चाहिए रीढ़-विहीनता के अपने सारे प्रदर्शन और सारे टाल-मटोल से लेकर, आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन के सारे आरोपों को एक ही पलड़े पर तौलने के अपने शर्मिंदा करने वाले पैंतरों के बावजूद, चुनाव आयोग को इसी प्रचार के लिए, नाम लिए बिना ही सही, प्रधानमंत्री समेत कई प्रमुख भाजपा नेताओं के भाषणों/ बयानों को आपत्तिजनक मानना पड़ा है। आयोग ने आइंदा ऐसे भाषणों/ बयानों बचने का निर्देश देने की, भाजपा के अध्यक्ष को सलाह दी है। यह दूसरी बात है कि आयोग ने उक्त सलाह जारी कर अपने कर्तव्य की पूर्ति हो गई मान ली है, जबकि प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेताओं द्वारा आदर्श चुनाव संहिता तथा चुनाव कानून के सांप्रदायिक उल्लंघनों में, चुनाव के हरेक चरण के गुजरने के साथ कुछ न कुछ तेजी ही आई है। सामाजिक न्याय और जाति गणना के मुद्दे पर, अपने मनुवादी-सवर्णवादी रुख का बचाव करने और इस बचाव को सांप्रदायिक हमले के हथियार में तब्दील करने के लिए, प्रधानमंत्री से लगाकर नीचे तक, इसके सरासर बेतुके तथा झूठे दावे के साथ कि इंडिया एलाइंस दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के आरक्षण में से एक हिस्सा छीन लेगा, यह टेक जोड़ दी गई कि छीना हुआ हिस्सा, मुसलमानों को दे देंगे।

वैसे छीनकर, मुसलमानों का दे देने के इस हास्यास्पद प्रचार का इस चुनाव के दौरान जिस तरह विकास हुआ है, वह भी कोई कम दिलचस्प नहीं है। इसकी शुरूआत, पहले दो चरणों में राम मंदिर का संघ की कल्पना के अनुसार असर नजर नहीं आने की पृष्ठभूमि में हुई थी, जब जातिगणना और सामाजिक-आर्थिक सर्वे के विपक्ष के प्रस्ताव को खुद प्रधानमंत्री ने जान-बूझकर तोड़-मरोड़कर, बहनों-माताओं का मंगलसूत्र छीन लेंगे, घर में रखा गहना-सोना छीन लेंगे बना दिया और मुसलमानों का नाम लेकर इसका ऐलान कर दिया कि यह सब छीनकर मुसलमानों को दे दिया जाएगा। पर छीनकर दूसरों को दे देने का यह दावा आम तौर इतना ऊटपटांग था कि नरेंद्र मोदी को जल्द ही इसे बदलकर, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर, मुसलमानों को दे देंगे करना पड़ गया। छीने और बांटे जाने का मोर्चा बदल चुका था, फिर भी बांटे जाने के खतरे के स्रोत के रूप में मुसलमान जहां के तहां बने हुए थे और इसी से पैदा होने वाला सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, इस पूरी कसरत का मकसद था। बेशक, आरक्षण के बांटे जाने का यह दावा भी कोई कम बेतुका नहीं था। सभी जानते हैं कि जहां तक दलितों तथा आदिवासियों के आरक्षण का सवाल है, उसका आधार संवैधानिक है और उसे बिना संविधान बदले कोई नहीं बदल सकता है। और संविधान बदलने के इरादों का आरोप खुद संघ-भाजपा पर है। दूसरी ओर अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में जरूर राज्यों के लिए कुछ लचीलापन रहा है और इस श्रेणी में मुस्लिम पिछड़ी जातियों को जगह दिए जाने के कुछ दक्षिणी राज्यों के उदाहरण को ही, मोदी एंड कंपनी अपनी सांप्रदायिक दलील बनाती रही है, वह भी बहुत अवसरवादी तरीके से। कर्नाटक में भाजपा की पिछली सरकार के लगभग पूरे कार्यकाल में, पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम पिछड़ी जातियों की भागीदारी की तीन दशक पुरानी व्यवस्था बिना किसी विवाद के चलती रही थी। लेकिन, चुनाव से ऐन पहले भाजपा की सरकार ने इस पर विवाद खड़ा करते हुए, मुस्लिम पिछड़ों का 4 फीसद आरक्षण खत्म कर दिया और यह हिस्सा प्रभुत्वशाली जातियों में बांटने का ऐलान कर दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस मनमानी पर कड़ाई से रोक लगा दी और विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में आई कांग्रेस सरकार ने, पुरानी व्यवस्था को बहाल कर दिया।

पुरानी व्यवस्था की इसी बहाली को प्रधानमंत्री चीख-चीखकर पिछड़ों का आरक्षण छीनने की इंडिया गठबंधन की साजिश का सबूत बता रहे थे। इस दावे में भी मौकापरस्ती इतनी थी कि बिहार में, जहां कपूर्री ठाकुर के समय में पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की शुरूआत से ही मुस्लिम पिछड़ी जातियां आरक्षण में शामिल रही हैं, नीतीश कुमार के साथ गठजोड़ में शामिल भाजपा इस पर आपत्ति करने की स्थिति में नहीं है। इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश में भाजपा के साथ नयी-नयी फिर से गठबंधन में आई तेलुगू देशम्द पार्टी इसी सब के बीच, मुस्लिम पिछड़ों के आरक्षण की हिफाजत करने के ऐलान कर रही थी, लेकिन भाजपा वहां भी इस मुद्दे पर चुप लगाए बैठी थी। यहां तक कि खुद मोदी ने चुनाव प्रचार से पहले एक साक्षात्कार में यह दावा किया था कि गुजरात में उनके राज में अठारह मुस्लिम जातियां अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभ पाने वालों में शामिल रही थीं।

## मध्य प्रदेश में हीटवेव ने रोकी जिंदगी की रफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। राज्य में पारा 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। वहीं, दस स्थानों पर तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है।

राज्य में गर्मी का असर बना हुआ है, गर्म हवाएं झुलसा देने वाली हैं। इससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। आलम यह है कि सुबह से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगती है। दोपहर आते-आते सूरज आग उगलने लगता है और गर्मी रौद्र रूप धारण कर लेती है। दोपहर में तो सड़कों पर सन्नाटा ऐसे पसर जाता है, जैसे मानो कर्फ्यू लगा हो। मौसम विज्ञानी ए. शर्मा ने बताया है कि बीते 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे ज्यादा 47.5 डिग्री सेल्सियस तापमान निवाड़ी में दर्ज किया गया है। खजुराहो में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, सतना, ग्वालियर, शिवपुरी, सीधी, दतिया, रीवा, शहडोल, नौगांव, डिंडोरी और टीकमगढ़ में 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।


मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अरब सागर की ओर से मध्य प्रदेश की ओर नमी आ रही है, इससे कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर वज्रपात भी हो सकता है। हालांकि, भिंड, मुरैना, सतना, छतरपुर, पन्ना आदि स्थानों पर लू का असर बना रहेगा। तापमान में बढ़ोत्तरी से रात में भी गर्मी होने लगी है। यहां तक कि कूलर की हवा भी बेअसर हो चली है।

चिकित्सकों के साथ मौसम विज्ञानियों ने आमजनों को धूप के वक्त घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। साथ में ज्यादा से ज्यादा पानी के उपयोग पर जोर दिया है।

# प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी

**- ललित गर्ग -**

लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा। इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।




विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है। दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा शृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## कांग्रेसियों को सतर्कता की जरूरत

संगठन के प्रति असंदिग्ध निष्ठा और विद्वता के बावजूद कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर को बयान देते वक्त अधिक संयम व सावधानी बरतने की जरूरत है। निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये एक बार व्यक्तिगत अपमान भरी टिप्पणी कर वे पार्टी का ऐसा बड़ा नुकसान कर चुके हैं जिसकी भरपायी कभी नहीं हो सकी थी। फिर, कोई भी बयान देते वक्त उन्हें इस बात को अब तक समझ जाना चाहिये था कि सामने खड़े मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों का फायदा उठाने में पारंगत है। अब की बार चीन को लेकर उनका आया बयान अधिक संवेदनशील है। और तो और, ऐसे वक्त में यह बयान आया है जब लोकसभा चुनाव के लिये मतदान का अंतिम चरण 1 जून को होगा। नतीजे 4 जून को आ जायेंगे। आखिरी चक्र में ही वाराणसी सीट पर खुद मोदी उम्मीदवार हैं।

हालांकि अब केवल 57 सीटें बची हैं और मणिशंकर का बयान चुनावी परिणामों पर वैसा असर नहीं करेगा जैसा पिछली बार की उनकी टिप्पणी से हुआ था। चुनाव तो पूरा हो चुका है लेकिन कांग्रेस द्वारा जब मोदी एवं भाजपा नेताओं की बदजुबानी को लेकर भी एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है, तो सावधानी बेहद आवश्यक है। कांग्रेस ही नहीं, सभी विपक्षी दलों के नेताओं को यह पता भी है कि भाजपा के पास अपना एक सुसंगठित प्रचारतंत्र है; साथ ही उसका समर्थक मीडिया है जो मोदी विरोधी बातों को कई गुना बढ़ाकर दिखलाने व सुनाने में महारत रखता है। उनका यह बयान चाहे कांग्रेस को अब सीधे-सीधे कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा लेकिन विपक्ष की कथित रूप से देशविरोधी छवि बनाने में वह मददगार हो सकता है। वर्तमान दौर यथार्थ नहीं अवधारणाओं और छवियों से परिचालित होता है। इसकी रेस में भाजपा कांग्रेस से आगे है। अलबत्ता लम्बे समय के बाद विमर्श के स्तर पर कांग्रेस व सहयोगी दलों का गठबन्धन इंडिया भाजपा को मात देने में कामयाब दिख रहा है। भाजपा ने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मुख्य रूप से यही काम किया है, कि विपक्षियों को राष्ट्रविरोधी साबित किया जाये। अय्यर का बयान कांग्रेस की इसी छवि को सघन करने में भाजपा का मददगार हो सकता है।

शनिवार शाम अय्यर दिल्ली में विदेशी संवाददाता क्लब में एक भाषण दे रहे थे जिसमें उन्होंने चीनी आक्रमण का उल्लेख करते हुए 'कथित' शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा- 'अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था।' हालांकि उन्होंने अपने इस बयान के लिये माफी मांगते हुए कहा कि- 'मैं चीनी आक्रमण के पहले कथित शब्द का गलती से प्रयोग करने के लिये बिना शर्त माफी मांगता हूं।' वैसे इस बीच अनुमानों के अनुरूप भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट डाल ही दी। इसमें उन्होंने कहा है कि यह बयान कांग्रेस के चीन के प्रति प्रेम को दशार्ता है जबकि इस हमले के बाद चीन ने भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था। लगे हाथ उन्होंने यह भी आरोप लगा दिया कि जवाहरलाल नेहरू ने चीन के पक्ष में राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ दी थी। मालवीय के अनुसार राहुल गांधी ने चीन के साथ एक गुप्त एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये थे और राजीव गांधी फाऊंडेशन ने चीनी दूतावास से चंदा तक स्वीकार किया था। इसके बाद यूपीए की सरकार ने चीनी वस्तुओं के लिये भारतीय बाजारों को खोल दिया था।

'कथित' शब्द के गलत प्रयोग का असर कितना घातक हो सकता है, इसका भान होते ही कांग्रेस के महासचिव व प्रचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आनन-फानन में इस पर एक बयान दिया कि 'कांग्रेस अय्यर के बयान से खुद को अलग करती है। वह मानती है कि 1962 का चीन द्वारा किया गया हमला उतना ही वास्तविक था जितना 2020 की शुरूआत में चीन द्वारा लद्दाख में की गई घुसपैठ है।' रमेश ने कहा कि 'मोदी ने 19 जून को एक सार्वजनिक बयान में चीनी घुसपैठ को नकार कर न सिर्फ चीन को क्लीन चिट दी वरन भारतीयों का पक्ष कमजोर कर दिया। देपसांग व डैमचोक सहित 2000 वर्ग किमी का इलाका भारतीय सैनिकों की पहुंच से बाहर कर दिया गया है।' उन्होंने सभी से अय्यर की उम्र का भी ख्याल रखने के लिये कहा है। जिस कार्यक्रम में अय्यर ने चीनी आक्रमण के लिये 'कथित' शब्द का प्रयोग करने की चूक की, उसी में अपने भाषण में पाकिस्तान की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि 'उनका पाकिस्तान में दिल खोलकर स्वागत हुआ था।'

## भारतीय चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पहुंची सबसे निचले स्तर पर

**- के रवींद्रन**

विवादों की श्रृंखला और कथित पूर्वाग्रह ने एक ऐसी संस्था में जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है जो कभी भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार का पर्याय थी। चूंकि राष्ट्र इन घटनाक्रमों के निहितार्थों से जूझ रहा है, इसलिए चुनाव आयोग का भविष्य अधर में लटका हुआ है, और इसे अपनी विश्वसनीयता बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसमें सत्तारूढ़ दल की कम से कम दिलचस्पी होगी। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की विश्वसनीयता और जनता का उस पर भरोसा मौजूदा लोकसभा चुनावों में एक नये ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई है और स्थिति ऐसी हो गई है कि इसे पूरी चुनाव प्रणाली में कुछ विनाशकारी बदलावों के बिना वापस नहीं लाया जा सकता है।




भारत के चुनाव आयोग ने आम चुनाव कराने के लिए अपनी विशाल संख्या और प्रसार के कारण दुनिया भर में प्रशंसा हासिल की है। यह लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला रहा है, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, लगातार चुनावों के माध्यम से आयोग की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है और 2024 के चुनावों ने संस्था की विश्वसनीयता पर एक लंबी छाया डाली है, जिससे सवाल और चिंताएं पैदा हुई हैं, जिनकी गहन जांच और उस पर विचार करने की आवश्यकता है। 2024 के चुनावों की अगुवाई में, ईसीआई ने खुद को एक ऐसे विवाद में उलझा हुआ पाया, जो चुनावी प्रक्रिया की दिशा तय करेगा। चुनाव घोषित होने से ठीक पहले दो नये चुनाव आयुक्तों, ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति को संदेह और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। संभावित अराजकता और अनिश्चितता का हवाला देते हुए इन नियुक्तियों पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज करने के सर्वोच्च नयायालय के फैसले ने संदेह के बढ़ते ज्वार को कम करने में कोई मदद नहीं की।

2023 के कानून के अनुसार, चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को बाहर करने से निराशा और बढ़ गई। पारंपरिक तीन सदस्यीय समिति, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, अब दो सदस्यों तक सिमट कर रह गई है, जिसमें न्यायपालिका का प्रतिनिधि स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है। स्थापित मानदंडों से इस तरह के विचलन को कई लोगों ने ईसीआई की घटती स्वतंत्रता के संकेत के रूप में देखा।

चुनाव से पहले ही आयोग के प्रदर्शन पर एक लंबी छाया पड़ चुकी थी। बाद के घटनाक्रमों ने साबित कर दिया कि आशंकाएं बिलकुल गलत भी नहीं थीं। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़े, ईसीआई द्वारा आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को संभालने की गहन जांच की गई। सत्तारूढ़ दल के पक्ष में पक्षपात के आरोप सामने आये, तथा आलोचकों ने चुनिंदा प्रवर्तन के पैटर्न की ओर इशारा किया। ऐसे उदाहरण हैं जहां सत्तारूढ़ दल के उल्लंघनों को अनदेखा किया गया, जबकि विपक्ष को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिन्हें पक्षपात के सुबूत के रूप में उजागर किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया, लेकिन आयोग ने नजरंदाज करने का नाटक किया। पार्टी प्रमुखों को नोटिस भेजने के आयोग के कृत्य को एक दिखावा माना गया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को बचाना था। तटस्थता का दिखावा करने के लिए, इसने कांग्रेस अध्यक्ष को भी ऐसा ही नोटिस भेजा।

चुनाव प्रचार के लिए परंपरागत रूप से प्रतिबंधित पूजा स्थलों की पवित्रता से समझौता किया गया। इन पवित्र स्थलों में राजनीतिक संदेश घुसने की खबरें आईं। इन मामलों पर चुनाव आयोग की बहरी और पूरी चुप्पी थी, जिसके कारण एमसीसी के उल्लंघन पर आंखें मूंदने के आरोप लगे।

अनूप बरनवाल का भूत, चुनाव आयुक्तों को नामित करने के लिए सीजेआई सहित एक समिति के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का संदर्भ, कार्रवाई पर हावी रहा। इस निर्देश से चुनाव आयोग के विचलन को एक जानबूझ कर किया गया कार्य माना गया, जो चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाये रखने के लिए आवश्यक जांच और संतुलन को कमजोर करता है।

ऐसे आरोप लगे हैं कि मतदान को अनावश्यक रूप से लंबा खींच दिया गया, जिसके कारण मतदान के सभी चरणों में बहुत कम मतदान हुए। ऐसा प्रधानमंत्री के देश भर में प्रचार करने की सुविधा के लिए किया गया था। चुनाव की अवधि ने स्पष्ट रूप से जनता के साथ-साथ कम संसाधनों वाले राजनीतिक दलों, जैसे कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस, को थका दिया, जिसे केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दंडात्मक कार्रवाई के कारण धन की कमी का सामना करना पड़ा।

आयोग के अभूतपूर्व पतन से हारने वाले दलों को अपनी हार के लिए बाहरी कारकों को दोषी ठहराने का मौका मिल सकता है। नतीजों के दिन आने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, लेकिन चुनाव परिणाम, यहां तक कि सत्तारूढ़ दल की भारी जीत भी संदेह और बेईमानी के आरोपों के साथ देखी जायेगी। चुनाव आयोग का यह आग्रह कि चुनाव निष्पक्ष रूप से आयोजित किये गये थे, उन लोगों की चिंताओं को कम करने में कोई मदद नहीं करेगा जो पूरी प्रक्रिया को लोकतंत्र के नाम पर एक भव्य भ्रम के रूप में देखते हैं।

इसका अंतिम परिणाम यह है कि विवादों की श्रृंखला और कथित पूर्वाग्रह ने एक ऐसी संस्था में जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है जो कभी भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार का पर्याय थी। चूंकि राष्ट्र इन घटनाक्रमों के निहितार्थों से जूझ रहा है, इसलिए चुनाव आयोग का भविष्य अधर में लटका हुआ है, और इसे अपनी विश्वसनीयता बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसमें सत्तारूढ़ दल की कम से कम दिलचस्पी होगी।

# जिला कारागार में कूलर चलने-ठंडा पानी मिलने की ली जानकारी

## डीएम-एसपी ने कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा संचालन, महिला बैरक में बन्द महिलाओं से खान-पान बाबत जानकारी ली। जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की गाइडलाइन अनुसार दूरभाष पर बन्दियों से बात भी कराते रहें।



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम-एसपी आदि।

शुक्रवार को डीएम-एसपी ने महिला बैरक में लगे कूलर के चलने बाबत पूंछा। धूप से बचाव को प्रबंध करने को जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये। कैदियों को मेन्यू अनुसार खान-पान देने को कहा। कैदियों के लिए आरो पेयजल आपूर्ति व वाटर कूलर चलने बाबत जानकारी दी। कैदियों को अनुमन्य सुविधायें देने को निर्देश दिये। कैदियों को नींबू पानी पिलाने की व्यवस्था कराते रहें। डीएम-एसपी ने अस्पताल देखा। वार्ड में मरीजों से हाल जाने। प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि कारागार के सभी कैदियों को ओआरएस बटवायें। अस्पताल में सभी दवाइयां रहें। कोई मरीज बीमार होता है तो इलाज को जिला अस्पताल भेजें। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर राजीव कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामानुजम, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## तम्बाकू से होती है हानियां

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय सम्प्रेषण गृह किशोर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियों को तम्बाकू से होने वाली हानियों की जानकारी दी।

शुक्रवार को योगाचार्य ने सात्विक जीवन व सात्विक भोजन के महत्व बाबत समझाया। परामर्शदाता दीपक शर्मा ने संवासियों को तम्बाकू व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। समाजसेवी अर्जुन यादव ने नशे से होने वाली क्षति बाबत बताया। अध्यक्षता सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने कर संवासियों को तम्बाकू सेवन व अन्य नशे से दूर रहने की नसीहत दी। इस मौके पर राहुल यादव, रामहित, सफाई कर्मी अक्षय कुमार, रामखेलावन समेत अन्य संवासी मौजूद रहे।

# सरकारी रास्ते पर दबंग कर रहा कब्जा

## एसडीएम ने कार्य रुकवाने का दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के चितरागोकुलपुर के ग्रामीणों ने एसडीएम कर्वी को पत्र देकर सरकारी रास्ते में निर्माण की शिकायत की थी। एसडीएम ने लेखपाल व कानूनगो को मौके पर जांच को भेजा था। लेखपाल-कानूनगो ने विपक्षी से रिश्वत लेकर निर्माण कार्य न रोककर धारा 67 की कार्यवाही को कहा। इससे खफा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से भेंट की। डीएम ने ग्रामीणों को पुनः एसडीएम कर्वी के पास अवैध निर्माण रुकवाने को भेजा। शुक्रवार को डीएम अभिषेक आनन्द से भेंट के बाद ग्रामीण अतुल गर्ग, किस्मत द्विवेदी, मिट्ठूलाल, राममिलन, राममूरत, रामबालक, चन्दा देवी, रानी, श्यामलाल, रामगोपाल, अयोध्या प्रसाद, विनोद, सुखराम, शिवदास, अर्जुन व चुनबाद एसडीएम कर्वी सौरभ यादव से मिले। ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपे पत्र में कहा कि चितरागोकुलपुर के गाटा संख्या 464 रकबा 0.070 हेक्टेयर सार्वजनिक सरकारी रास्ता है। सभी ग्रामीणों का आवागमन होता है। गांव के दबंग कमलेश पुत्र नत्थू ने सरकारी रास्ते पर जबरियां निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध कर रहा है। ग्रामीणों ने पहले भी एसडीएम को पत्र देने का हवाला दिया। लेखपाल-कानूनगो के मौके पर जाकर निर्माण न रोकने, धारा 67 की कार्यवाही कहने पर आपत्ति जताई।



डीएम से भेंट करने कलेक्ट्रेट आये ग्रामीण।

ग्रामीणों ने एसडीएम से निर्माण कार्य तत्काल रोकने की मांग की है। एसडीएम ने नाप करवाकर थाने से काम रुकवाने का भरोसा दिया।



पुलिस लाइन का भ्रमण करते एसपी।

## एसपी ने परेड की सलामी लेकर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों का टर्न आउट देखा। परेड ग्राउण्ड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। सुधार को प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा, आवासीय परिसर का भ्रमण कर प्रतिसार निरीक्षक को साफ-सफाई के निर्देश दिये। आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली रूम किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# गर्मी का कहरः उल्टी-दस्त-बुखार के मरीज बढे

## मासूम समेत पांच की मौत, 12 को कराया भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी में उल्टी, दस्त, बुखार, पेटदर्द से चार मरीजों की मौत हो गई। जिला अस्पताल में एक दर्जन मरीज भर्ती हैं।

शुक्रवार को कर्वी कोतवाली क्षेत्र के बगलई गांव के मजरा गोपालपुर के सेवानिवृत लोनिवि चालक बसंत कुमार (75) पुत्र भूरेलाल को बीती रात साढ़े बारह बजे तबीयत खराब होने पर भाई रामपाल जिला अस्पताल लेकर आया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि दो दिन पूर्व उल्टी, दस्त से बीमार हुए थे। अचानक शुगर बढ़ गया था। मृतक के पुत्र मोहनलाल है।

जिला मुख्यालय के अम्बेडकरनगर मोहल्ले की कौशिल्या देवी (50) पत्नी रामस्वरूप की बीती रात अचानक उल्टी-दस्त से हालत खराब होने पर पुत्र कामता जिला अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के दो पुत्री व दो पुत्र है। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम के शव घर ले गए। शहर के एसडीएम कालोनी की कुंती देवी (70) पत्नी मोहनलाल की हालत शुगर, बीपी व बुखार से खराब होने से बहू संगीता जिला अस्पताल लाई। डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मानिकपुर के चुरेह गांव के सूरज के छह माह के पुत्र संजय को निमोनिया होने पर बीती अपरान्ह 3.27 बजे परिजनों ने भर्ती कराया। 20 मिनट बाद बच्चे की मौत हो गई। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम क शव घर ले गए। रैपुरा थाना क्षेत्र के बगरेही गांव की मेंहदी पत्नी श्यामलाल की हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लाए।

इलाज दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। उल्टी, दस्त व बुखार से जिला कारागार में हत्या मामले में निरुद्ध बंदी चमरौहा गांव का लवलेश पुत्र नत्थू भर्ती कराया गया। बड़ी मडैयन के वीरेन्द्र कुमार व जिला अस्पताल के कर्मचारी सुशील, मिजाजीलाल व सुनील समेत राजापुर क्षेत्र के ब्योहरा गांव के आर्यन, गढ़ीवा की मनीषा, मंडौर के कृष्णा, बांधी की सुरेखा, नारायणपुर की सुमित्रा, टिटिहरा की सावित्री व एक रिक्शा चालक को चक्कर आने पर जमीन पर गिर गया था। जमीन पर गिरते ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। परिजनों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लू से किसान की मौत

**मऊ/चित्रकूट।** बरगढ़ थाने के कनियाढ़ गांव के किसान रायविंद सिंह (60) की गुरुवार की शाम पांच बजे लू लगने से मौत हो गई। उसके भाई अरविंद सिंह ने बताया कि वह किसी कार्य से बरगढ़ मोड़ गये थे। घर लौटते समय गांव के पास रास्ते में गिरकर दम तोड़ दिया।



दरोगा व कुक को विदाई देते एसपी आदि।

## दरोगा व कुक को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस विभाग से सेवा निवृत्त एक दरोगा व एक कुक के विदाई समारोह में भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शुक्रवार को राघव प्रेक्षागार में विदाई समारोह की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त दरोगा सुरेश कुमार राय व कुक शारदा प्रसाद को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त हो रहे दरोगा व कुक तथा मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारी को नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त दरोगा व कुक से कहा कि घर जाकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरन्तर व्यायाम करते रहें। अपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया है। वे समस्त पुलिस विभाग की ओर से सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की कामना करते हैं। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ जयलाल व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला जेल में सजायाफ्ता बन्दी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कारागार में सजायाफ्ता बन्दी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर जेल में बने सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है।

शुक्रवार को बन्दी की मौत जिला अस्पताल में इलाज दौरान हुई। बताया गया कि मानिकपुर थाने के ऊंचाडीह का लवलेश रजक पुत्र ननकू 2019 से जिला जेल में बंद है। गुरुवार देर शाम उसकी जेल में तबीयत खराब हो गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलते ही जेल में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों के रेफर करने पर जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में इलाज दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि लवलेश को शरीर पर जलन, उल्टी, घबराहट की शिकायत थी। लवलेश सजायाफ्ता कैदी था। 2019 से जेल में बंद है। भीषण गर्मी के चलते कैदियों की सुविधा को जिला जेल में पंखा-कूलर की पर्याप्त व्यवस्था है। मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चलेगा।

# उप्र में धर्म की आड में बडा माफिया सक्रियः अमित

## अखनूर बस हादसे पर भाकपा ने जताया दुख

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने अखनूर बस हादसे पर गहरा दुख जताया है। कहा कि अब तक दो बच्चों समेत दो दर्जन लोगों की मौत हुयी है। लगभग छह दर्जन लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

शुक्रवार को भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने हाथरस, अलीगढ़, मथुरा व भरतपुर के सभी मृतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी है। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनायें जताते हुए उप्र व राजस्थान सरकार से मांग की है कि मृतकों के परिजनों व घायलों को समुचित आर्थिक मदद दें। भाकपा दर्दनाक हादसे पर उप्र सरकार को सीधे जिम्मेदार ठहराते हुए जारी प्रेस बयान में कहा कि उप्र परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन की लापरवाही हर दिन उजागर हो गई है।



का अमित यादव।

उप्र में धर्म की आड़ में बड़ा माफिया काम कर रहा है, जो लोगों को बरगला कर विभिन्न तीर्थस्थलों में ले जाता है। पहाड़ के तीर्थस्थल भी शामिल हैं। माफिया खटारा बसें हायर करता है। बस की क्षमता से दोगुने मुसाफिर ले जाता है। पहाड़ी मार्गों पर मैदान के ड्राइवरों से बस चलवाते हैं। ओवरलोडिंग, बस की जर्जरता व ड्राइवर की अक्षमता से जानलेवा हादसे होते हैं। तमाम परिवार समूल नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाये कि ओवरलोड बस उप्र सीमा से कैसे पार हो गयी। पुलिस क्या करती रही। परिवहन विभाग ने मौके पर तसदीक किया कि जितनी सवारियों का परमिट जारी हुआ है, क्या उतनी सवारियां बस में है या नहीं। सवारियों की फर्जी सूची पर बस को परमिट दिया जाता है। हर स्तर पर सरकारी कर्मियों की जेब गर्म कर माफिया बस को निकाल ले जाते हैं। प्रदेश में आये दिन हादसे हो रहे हैं। सत्ता पर बैठे लोग औरंगजेब, मस्जिद व पाकिस्तान की रट लगाकर कर्तव्य से बच रहे हैं।

## जल-जंगल-जमीन बचाने की हुई सार्थक पहल




जल, जंगल, जमीन बचाने को जागरूक करते ग्रामीण।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के बंदरी गांव के मजरा सिलखोरी में जल, जंगल, जमीन को लेकर सार्थक चर्चा हुई। ये चर्चा विकास पथ सेवा संस्थान चित्रकूट ने आयोजित की थी। चुन्नी देवी एफपीओ से जुड़े सिलखोरी, बंदरी के किसानों समेत जल, जंगल, जमीन को लेकर चर्चा हुई। किसानों को जल, जंगल, जमीन को लेकर जागरूक किया। शुक्रवार को किसानों को बताया कि आज के दौर में पानी जमीन से खत्म होता जा रहा है। जलाशय सूख रहे हैं। वाटर लेबल कम होता जा रहा है। नदी-नाले सूखते जा रहे हैं। लोग इस बात से अनजान हैं, जबकि चिंता करनी चाहिए। पानी को बचाने को प्रयास हों। जंगल काटे जा रहे हैं, धरती से पेड़ कट रहे हैं, तापमन दिनोंदिन बढ़ रहा हैं। पेड़ नही लगाये तो मानव महामारी का शिकार होगा। जमीन भी बचाना होगा, क्योकि आज के दौर में जनसंख्या बढ़ रही है। जमीन कम हो रही है। किसानों समेत जनजागरण चलाकर लोगो को प्रेरित किया जाये। इस दौरान चुन्नी देवी एफपीओ के निदेशक, मंडल से साधु सिंह, ब्रजमोहन सिंह, ओंकार सिंह, किसान वीरेंद्र सिंह, राजकुमार, भगवानदीन, दिलदार, रामदास, रामकेश, लवकुश सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामसुमेर समेत महिला किसान मौजूद रहे।

# एमसीएच खोह में रात रुकें डॉक्टरः डीएम

## डॉक्टर के गैरहाजिरी पर रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने एमसीएच विंग खोह में बने मातृ एवं शिशु अस्पताल व हीटवेब वार्ड का निरीक्षण कर एनसीआर वार्ड, बच्चों के खेलने का वार्ड, पीएनसी वार्ड, प्री-डिलीवरी वार्ड व ओटी कक्ष देखा। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने हीटवेब वार्ड में पर्दे लगाने के निर्देश दिये। कहा कि जितने मरीज आ रहे हैं, उनका पंजीयन करें।



एमसीएच खोह का निरीक्षण करते डीएम।

शुक्रवार को डीएम ने एडीएम एफआर को निर्देश् दिये कि सभी एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित करें कि हीटवेब से जो लोग मिले, उसे यहां भेजें। उन्होंने आशा गृह वार्ड देखा, कहा कि आशाओं की ड्यूटी बारी-बारी से लगायें। सीएमओ को निर्देश दिये कि सीएमएस को निर्देश दें कि जिला अस्पताल में लोड अधिक हो तो एमसीएच विंग खोह में भेजें। सीएमओ से कहा कि एमसीएच विंग खोह में लगे कर्मचारी ड्रेस कोड में रहें। मरीजों का पंजीयन रजिस्टर व ड्यूटी रजिस्टर देखा। डॉ शिवचंद्र पटेल के गैरहाजिर रहने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के आदेश दिये। सिजेरियन बाबत कहा कि सिजेरियन अधिक से अधिक बढ़ायें। मऊ रामनगर के जो मरीज हैं नॉर्मल व सिजेरियन यहां भेजें। मरीजों से वार्तालाप किया। खानपान के बारे में पूंछा। नामित डॉक्टर में से कोई रात में यहां रुके, ताकि मरीजों की देखभाल हो सके। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आजादी के 77 साल बाद भी नहीं है बाल्मीकि समाज को पानी, शर्मनाक खबर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के बरद्वारा गांव में शर्मनाक तस्वीर देखने को मिली है। गरीब बाल्मीकि परिवार सैकड़ों वर्ष पुराने कुआ का आज भी पानी पी रहा है। कुआ के पानी में कीड़े बजबजा रहे हैं। भयंकर दुर्गन्ध आ रही है। कुआ में ब्लीचिंग पाउडर भी लम्बे अरसे से नहीं डाला गया।



पेयजल न होने की जानकारी देते बाल्मीकि समाज के लोग व गन्दे पानी से भरी बाल्टी।

शुक्रवार को ये तस्वीर सामने आई। बताया गया कि आजादी के 77 साल बाद भी अनुसूचित जाति व बाल्मीकि समाज के लोग आज भी उपेक्षित जीवन जीने को मजबूर हैं। इस समाज के लोगों का कोई सरमायेदार नहीं है। नतीजतन इस समाज के लोग गांवों में जिस उपेक्षा से जिन्दगी गुजार रहे हैं, वह काफी शर्मनाक है। आज भी बाल्मीकि समाज के लोगों को स्वच्छ पीने का पानी तक नहीं मुहैया हो रहा। ये जिला प्रशासन के मुंह पर तमाचा के सिवाय कुछ नहीं है? बरद्वारा गांव के बाल्मीकि समाज के लोग कुआ का बद्बूदार पानी आज भी पी रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचे। एक सप्ताह बीतने के बाद भी बाल्मीकि समाज के लोगों को पानी मुहैया कराने की किसी ने जरूरत नहीं समझी। कुआ में लम्बे अरसे से ब्लीचिंग पाउडर भी नहीं डाला गया।

## एडीएम ने लू-हीट स्ट्रोक से बचाव के बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम ने गर्मी में लू, हीट स्ट्रोक, गर्म हवाओं से बचाव को बताया कि तापमान में हो रही वृद्धि से जिलेवासी को लू, हीट स्ट्रोक से बचें। शुक्रवार को उन्होंने लू, हीट स्ट्रोक भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय मानकों व मौसम विभाग अनुसार किसी जगह का तापमान लगातार तीन दिन तक सामान्य तापमान से तीन डिग्री या अधिक बना रहे तो लू या हीटवेब कहते हैं। विश्व मौसम संघ अनुसार किसी स्थान का तापमान लगातार पांच दिन तक सामान्य व स्थानीय तापमान से पांच डिग्री सेंटीग्रेट से अधिक बना रहे अथवा लगातार दो दिन तक 45 डिग्री से अधिक तापमान रहे तो उसे हीटवेब या लू कहते हैं। वातावरण तापमान 37 डिग्री तक रहे तो मानव शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। तापमान 37 डिग्री से ऊपर बढ़ने पर शरीर वातावरण गर्मी को शोषित कर शरीर के तापमान को प्रभावित करने लगता है। गर्मी में सबसे बड़ी समस्या लू लगना, अंग्रेजी में हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक कहते हैं। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने या गर्म हवा के झोकों के सम्पर्क में आने पर लू लगती है। गर्मी में शरीर के द्रव्य बाडी फ्ल्यूड सूखने लगते हैं। शरीर से पानी-नमक की कमी होने पर लू का खतरा बढ जाता है। लू लगने की सम्भावना शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह, ऐसी कुछ औषधियों जैसे डाययूरेटिक, एंटीस्टिमिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधियां, गर्म लाल शुष्क त्वचा होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, थकान व कमजोरी, चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इन लक्षणों से मनुष्यों के शरीर में प्रभाव पड़ता है। जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री सेंटीग्रेट 105 एफ या अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं तो मस्तिष्क में क्षति होने की सम्भावना बढ जाती है। हीटवेब की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। इससे मृत्यु भी हो सकती है।

# तंत्र-मंत्र के फेर में मासूम के कातिल दम्पति को हुई उम्रकैद

## एडीजे नीरज श्रीवास्तव ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कक्षा तीन के छात्र की पड़ोसी दम्पति ने गड़े धन की लालच में बेरहमी से कत्ल करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने दोष सिद्ध होने पर दम्पति को उम्रकैद की सजा दी है। 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है।

शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सीतापुर चैकी के राघवपुरी मोहल्ले के रामप्रयाग रैदास पुत्र हीरालाल ने कर्वी कोतवाली में नौ मार्च को रिपोर्ट लिखाई थी कि नौ वर्षीय बेटा कन्हैया गुम हो गया है। काफी ढूंढने पर नहीं मिला। 12 मार्च को मासूम कन्हैया का शव वादी के पड़ोसी रिश्ते में भाई भुल्लू वर्मा उर्फ जरैला पुत्र रामअवतार के घर से बरामद हुआ। विवेचना में भुल्लू वर्मा उर्फ जरैला व उर्मिला वर्मा का नाम प्रकाश में आया।



पूंछताछ में आरोपी भुल्लू ने बताया कि दीपावली के समय सपना आया था कि घर में तीन हंडा धन गड़ा है। पड़ोसी पारिवारिक भाई रामप्रयाग रैदास के नौ वर्षीय बेटे कन्हैया पर नजर थी। आठ मार्च को रामप्रयाग पत्नी के साथ बच्चों को रत्नावली स्थित दुकान में चले गए थे। बेटी व बेटा कन्हैया घर में थे। कन्हैया घर के बाहर खेल रहा था। गड़ा धन निकालने को सपना अनुसार कमरे में पूजा शुरू कर दी। कन्हैया को बुलाकर नारियल लाने को 20 रुपये दिये। बाजार से मासूम नारियल लेकर आया तो उसे पूजा में बैठा दिया। उसकी पत्नी दूसरे कमरे में थी। बंद कमरे में पूजा के बाद मासूम के सिर पर नारियल रखकर फोडने के बहाने ईंट से हमला बोल दिया। कन्हैया की मौत होने पर दम्पति ने शव को डिब्बे में बंद कर छिपा दिया। घटना के खुलासे की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन किया था। खुलासे के बाद पुलिस ने हत्यारोपी दम्पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने दोष सिद्ध करार देते हुए हत्यारोपी भुल्लू वर्मा व पत्नी उर्मिला वर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों को 25-25 हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया।

# दक्षिण अफ्रीका आम चुनाव : अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस शुरूआती नतीजों में 43 प्रतिशत वोट के साथ बनाई बढ़त



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक बार फिर से सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) एक बार फिर सत्ता में वापसी कर सकती है। एएनसी ने आम चुनाव के शुरुआती नतीजों में करीब 43 प्रतिशत वोट के साथ बढ़त बना ली है। जबकि विपक्षी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत मत हासिल हुए। देश में 23 हजार मतदान केंद्रों पर जारी मतगणना के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बुधवार को हुए चुनाव के अंतिम नतीजे रविवार को ही उपलब्ध होंगे। विश्लेषकों का कहना है कि अभी भी यह पुष्टि करना जल्दबाजी होगी कि एएनसी अपना बहुमत खो देगी। यह अनुमान लगाया जा रहा था कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी 30 साल पहले नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो सकती है।

निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार की सुबह 11 बजे साझा किये गये नतीजों के अनुसार एएनसी को लगभग 43 प्रतिशत मत मिले हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत वोट मिले और इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) पार्टी लगभग आठ प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनावों में 52 राजनीतिक दल और पहली बार बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। राष्ट्रपति रामाफोसा को पूरा विश्वास है कि उनकी पार्टी सत्ता में वापस करेगी। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को न्यायालय की अवमानना के आरोप के कारण संसद के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था, लेकिन उनका नाम मतपत्र में है।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लगा बड़ा झटका, हश मनी केस में दोषी करार

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। हश मनी केस में कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। अदालत ने फैसला सुनाने से पहले करीब 10 घंटे तक विचार-विमर्श किया। ट्रम्प की सजा को लेकर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने इस फैसले को शर्मनाक और धांधली वाला बताया है।



हश मनी केस में अदालत की तरफ से डोनाल्ट ट्रम्प को दोषी करार दिए जाने के बाद अमेरिका के इतिहास में पहला ऐसा मामला है जब मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ आपराधिक मामला चला और उसे दोषी ठहराया गया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। ट्रम्प पर 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के बदले पैसों का भुगतान करने (हश मनी) की बात छिपाने और अपने कारोबारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने के 34 आरोप हैं।

दोषी करार दिए जाने के बाद ट्रम्प के इसी साल नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी पर सवाल खड़े हो सकते हैं। हालांकि अमेरिकी संविधान में आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने वाला कोई कानून नहीं है, जेल में बंद व्यक्ति भी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकता है।

## चेक कोर्ट ने निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण को रखा बरकरार, भारत ने की पुष्टि



**नई दिल्ली:** भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अमेरिका स्थित खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के लिए चेक गणराज्य में गिरफ्तार किए जाने के लगभग एक साल बाद, भारत ने अब पुष्टि की है कि एक शीर्ष चेक अदालत ने अमेरिका में उसके प्रत्यर्पण को रोकने के लिए गुप्ता की याचिका खारिज कर दी है

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को यहां अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, 'निखिल गुप्ता के संबंध में हम समझते हैं कि चेक गणराज्य में संवैधानिक अदालत ने प्रत्यर्पण अनुरोध की स्वीकार्यता पर अदालतों के पहले के फैसलों को बरकरार रखते हुए एक फैसला सुनाया है. इसके अलावा मेरे पास अधिक विवरण नहीं है।

गुप्ता कथित तौर पर खालिस्तानी अलगाववादी और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल था, एक संगठन जिसे भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है और भारत सरकार द्वारा एक आतंकवादी संगठन माना जाता है।

भारत सरकार ने 2020 में पन्नू को नामित आतंकवादी घोषित किया और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 51ए के तहत उसकी कृषि भूमि कुर्क कर ली. उस पर भारत में तीन देशद्रोह सहित 22 आपराधिक मामले चल रहे हैं।

अमेरिकी संघीय अभियोजक इस साजिश को पिछले साल कनाडा में सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से भी जोड़ रहे हैं. पिछले साल 19 जून को खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के नेता और एसएफजे की कनाडाई शाखा के प्रमुख 45 वर्षीय निज्जर की कनाडा के वैंकूवर में सरे में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

पंजाब के जालंधर जिले के हरसिंहपुर का मूल निवासी, निज्जर कथित तौर पर कनाडा के सरे में प्लंबर के रूप में काम करता था. उसे कनाडा के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे का प्रमुख चुना गया. इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट के अनुसार, उसने केटीएफ के जगतार सिंह तारा से मिलने के लिए 2013-14 में पाकिस्तान का दौरा किया था, जिसे 2015 में थाईलैंड से गिरफ्तार किया गया था।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2020 में निज्जर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया था और उसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा था।

भारतीय व्यवसायी गुप्ता को अमेरिका के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था. उन पर एक हिटमैन को काम पर रखकर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था. अमेरिकी संघीय अभियोजकों द्वारा एक बाद के अभियोग में आरोप लगाया गया कि गुप्ता को न्यूयॉर्क स्थित पन्नू को निशाना बनाने की एक असफल साजिश में भारत सरकार के एक अधिकारी द्वारा भर्ती किया गया था। इस साल जनवरी में प्राग में चेक उच्च न्यायालय ने गुप्ता की अपील खारिज कर दी और अमेरिका में उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया. हालांकि, गुप्ता की बचाव टीम राहत की मांग करते हुए उनके मामले को चेक गणराज्य के संवैधानिक न्यायालय में ले गई. संवैधानिक न्यायालय के पास सार्वजनिक प्राधिकारियों द्वारा उनके संवैधानिक रूप से गारंटीकृत मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता के उल्लंघन के संबंध में व्यक्तियों या संस्थाओं की शिकायतों पर अधिकार क्षेत्र है।

गुप्ता के परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील : गुप्ता के परिवार ने पहले भारत में सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी, जिसमें दावा किया गया था कि चेक जेलों में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया था और उनकी धार्मिक आहार संबंधी मान्यताओं का उल्लंघन किया गया था।

अब तक गुप्ता नवंबर 2023 के खुले अभियोग में उल्लिखित एकमात्र आरोपी बना हुआ है, जबकि इसमें शामिल भारत सरकार के अधिकारी का नाम अज्ञात है. कथित साजिश के उजागर होने से उन व्यक्तियों की सुरक्षा में अमेरिकी अधिकारियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश पड़ा है जो राजनीतिक रूप से विवादास्पद हैं।,

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# इमरान खान ने कहा, मुझे जनरल बाजवा पर भरोसा करने का अफसोस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि पद पर रहते हुए किए गए कार्यों में से जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा पर भरोसा करने का उन्हें अफसोस है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सेना प्रमुख ने दूसरा सेवा विस्तार पाने के लिए उनके बारे में ह्यह्यकहानियांह्लह्ल फैलाई। ज्ञात रहे कि इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं।



विपक्ष ने अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए 71 वर्षीय खान को सत्ता से अपदस्थ कर दिया था। खान ने बाजवा पर उनकी सरकार के खिलाफ अहम भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान वर्तमान में कई मामलों में अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की आलोचना की। इमरान खान ने यह बात डॉन अखबार के पत्रकार मेहदी हसन को दिए साक्षात्कार में व्यक्त किए हैं।

खबर के मुताबिक जब खान से पूछा गया कि उनको कारागार में डालने के लिए वह किसे जिम्मेदार मानते हैं, तो पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यमुझे पूरा यकीन है कि यह सब जनरल बाजवा का किया धरा है। मैं इसके लिए किसी और को जिम्मेदार नहीं मानता। उन्होंने इसकी सावधानीपूर्वक योजना बनाई और उसे अंजाम दिया, खुद को एक धोखेबाज व्यक्ति के रूप में पेश किया, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अराजकता फैलाने के लिए झूठ और झूठी कहानियां गढ़ीं। यह सब उन्होंने अपने सेवा विस्तार के लिए किया। खान ने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने 2019 में जनरल बाजवा के लिए तीन साल का सेवा विस्तार मंजूर किया था। यह मंजूरी उनके सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त होने से बमुश्किल तीन महीने पहले दी गई थी। हालांकि, 2022 में ह्यबोल न्यूजह्ल को दिए गए एक साक्षात्कार में खान ने कहा था कि उन्होंने सेवा विस्तार देकर गलती की है।खान ने अपने साक्षात्कार में कहा, ह्यह्यवह (बाजवा) लोकतंत्र और पाकिस्तान पर अपने कार्यों के हानिकारक प्रभाव को समझने में पूरी तरह विफल रहे।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अब भी मानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन उन्हें पद से हटाने में शामिल था, तो खान ने इसके लिए पूरी तरह से पूर्व सेनाध्यक्ष बाजवा को जिम्मेदार ठहराया।

## संयुक्त राष्ट्र पदक से भारतीय शांतिरक्षक नायक धनंजय कुमार सिंह मरणोपरांत सम्मानित



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा देने के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय शांतिरक्षक नायक धनंजय कुमार सिंह उन 60 से अधिक सैन्य, पुलिस और नागरिक शांतिक्षकों में शामिल हैं जिन्हें कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए गुरुवार को यहां मरणोपरांत प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर भारतीय शांतिरक्षक मेजर राधिका सेन को ह्य2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्डह्ल प्रदान किया गया।

नाइक धनंजय कुमार सिंह ने ह्ययूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाईजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगोह्ल (एमओएनयूएससीओ) के तहत काम किया था। उन्हें संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह के दौरान मरणोपरांत ह्यडैग हैमरस्कजॉल्डह्ल पदक से सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह पदक प्राप्त किया।ह्ययूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाईजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगोह्ल (मोनुस्को) में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को भी विश्व निकाय के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने प्रतिष्ठित ह्य2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्डह्ल से सम्मानित किया।वर्ष 2016 में स्थापित यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट अवार्ड शांति और सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1325 के सिद्धांतों को बढ़ावा देने में शांतिरक्षक के समर्पण और प्रयासों को मान्यता देता है।वह मेजर सुमन गवानी के बाद इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाली दूसरी भारतीय शांति रक्षक हैं। मेजर गवानी ने दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन में सेवा दी थी और उन्हें 2019 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

**वाशिंगटन :** अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी मूल के छात्र बृहत सोमा ने 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' के टाइब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब जीत लिया. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रहा। बृहत गुरुवार को 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार प्राप्त किए. बता दें कि इस साल की प्रतियोगिता टाइब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने महज 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को पराजित किया. वहीं फैजान 'लाइटनिंग राउंड' में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर सके.




खिताब जीतने के बाद खुशी का इजहार करते बृहत सोमा (अढ) बृहत का प्रतियोगिता शब्द 'एब्सिल' था, जिसे 'पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना' के रूप में परिभाषित किया गया है. टाइब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा. शुरूआत में फैजान की गति अधिक असमान थी. उन्होंने 25 शब्दों का उच्चारण किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए. इस पर आयोजकों ने कहा, बृहत सोम की शब्दों पर अदभुत पकड़ है. 2024 स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन. अविश्वसनीय याददाश्त वाला यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है।

आयोजकों ने कहा कि बृहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों का सही उच्चारण किया और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने एवं 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया. साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के पहले 'स्पेल-ऑफ' के दौरान लोगन ने 26 में से 22 शब्दों का सही उच्चारण किया था.

इस दौरान बी के कार्यकारी निदेशक कोरी लोफ्लर ने कहा, 'जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ी, यह स्पष्ट हो गया कि फैजान और बृहत आज रात शब्दकोश को पढ़ने के लिए तैयार थे.' इन दोनों प्रतियोगियों में से प्रत्येक को पूर्व निर्धारित शब्द सूची में से अधिक से अधिक शब्दों का उच्चारण करने के लिए 90 सेकंड का समय दिया गया था जबकि अन्य प्रतिभागियों को अलग रखा गया. उन्होंने 90 सेकंड की अवधि में अपने सामने आए हर शब्द को सही ढंग से उच्चारण किया.

प्रतियोगिता के दौरान बृहत के माथे पर सिंदूर का टीका लगा था जो शक्ति और पवित्रता का हिंदू प्रतीक है. उनके माता-पिता ने बताया कि बृहत को पवित्र हिंदू ग्रंथ भगवद गीता का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा याद था।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा, 28 लोगों की गई जान; 22 घायल



**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां तुर्बत से क्वेटा जा रही बस बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से करीब 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। इस यात्री बस के सड़क से उतरकर खड्ड में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए।

सहायक आयुक्त (एसी) इस्माइल मेंगल ने पुष्टि की कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 अन्य की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई। मेंगल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यात्री बस का एक टायर मोड़ पर फट गया और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन गहरी खड्डे में गिर गया।

**'तेज रफ्तार के कारण हुई यह दुर्घटना'**

रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं,यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता।

**18 मई को भी हुई थी ऐसी घटना**

पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे।